डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 अंक : 171 पेज: 8 जयपुर, शनिवार, 31 मई 2025 मूल्य: 1.50 रुपये

## गोविंद देवजी मंदिर उत्तराधिकार विवाद हाईकोर्ट पहुंचा: यथास्थिति बनाए रखने का आदेश, महंत पद को लेकर भाइयों में टकराव



जयपुर | जयपुर के ऐतिहासिक और आराध्य गोविंद देवजी मंदिर में महंत पद को लेकर उत्तराधिकार विवाद अब राजस्थान हाईकोर्ट की चौखट पर पहुंच गया है। मंदिर के मौजूदा सेवायत महंत अंजन कुमार और उनके भाई ओथेश कुमार के बीच चल रहे विवाद पर हाईकोर्ट ने अदालती यथास्थिति बनाए रखने का आदेश जारी किया है। यह आदेश हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने ओथेश कुमार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। याचिका में दावा किया गया था कि मंदिर के महंत पद पर केवल एक उत्तराधिकारी को नियुक्त करने का आदेश निचली अदालत द्वारा उत्तराधिकार कानून की अनदेखी करते हुए दिया गया है।

क्या है पूरा मामला?

गोविंद देवजी मंदिर में लंबे समय से एकल सेवायत महंत परंपरा चली आ रही है। वर्तमान में अंजन कुमार को निचली अदालत ने इस परंपरा और लोक न्यास अधिनियम के तहत, ज्येष्ठ पुत्र होने के नाते एकल सेवायत महंत के रूप में मान्यता देने का आदेश दिया था। हालांकि, इस आदेश को चुनौती देते हुए अंजन कुमार के छोटे भाई ओथेश कुमार ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। याचिका में कहा गया कि अब देश में हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम लागू है, जिसके अनुसार पिता की संपत्ति में सभी संतानें बराबर की अधिकारी होती हैं। अतः सिर्फ ज्येष्ठ पुत्र को महंत बनाने का आदेश कानून की भावना के खिलाफ है।

वसीयत में तीनों पुत्रों को बराबर का अधिकारी बताया

ओथेश कुमार के अधिवक्ता सुखदेव सिंह सोलंकी ने अदालत को बताया कि उनके पिता प्रद्युम्न कुमार गोस्वामी, जो पहले एकल सेवायत महंत थे, उन्होंने 22 जून 1997 को एक विधिवत वसीयत की थी। इस वसीयत में उन्होंने तीनों पुत्रों – अंजन कुमार, ओथेश कुमार और अनुज कुमार – को महंत सेवायत के अधिकारों में समान रूप से भागीदार बताया था। याचिकाकर्ता की मांग है कि निचली अदालत का आदेश न केवल वसीयत की भावना के विपरीत है, बल्कि उत्तराधिकार कानून के भी खिलाफ है।

अंजन कुमार की ओर से आपत्ति, अपील के प्रकार पर सवाल

इस याचिका पर महंत अंजन कुमार की ओर से अधिवक्ता सुरुचि कासलीवाल ने प्रारंभिक आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि निचली अदालत के आदेश के खिलाफ सही उपाय प्रथम अपील होती है, जबकि याचिकाकर्ता ने सिविल अपील दाखिल की है। इस आधार पर उन्होंने याचिका खारिज करने की मांग की। हालांकि, अदालत ने आपत्ति पर अंतिम निर्णय दिए बिना फिलहाल अस्थायी राहत के तौर पर यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है।

मंदिर प्रशासन और धार्मिक भावनाएं दांव पर

गोविंद देवजी मंदिर न केवल जयपुर बल्कि पूरे राजस्थान में धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां के महंत का उत्तराधिकारी कौन होगा, यह विवाद अब कानूनी और सामाजिक दोनों आयामों पर असर डाल सकता है। मंदिर की दैनिक सेवा, पूजा-पाठ, आयोजन और निर्णयों में सेवायत महंत की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

आगे क्या?

हाईकोर्ट द्वारा यथास्थिति के आदेश का मतलब है कि फिलहाल निचली अदालत का आदेश लागू नहीं होगा। अब इस याचिका की आगे सुनवाई में यह तय होगा कि क्या एकल सेवायत परंपरा के अनुसार उत्तराधिकार तय होगा या फिर हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम और वसीयत के आधार पर सभी उत्तराधिकारियों को समान अधिकार मिलेगा। यह मामला सिर्फ एक परिवार के अधिकार का विवाद नहीं, बल्कि परंपरा बनाम आधुनिक कानून के टकराव का उदाहरण भी बन गया है। अब देखना यह है कि अदालत इस टकराव को किस तरह संतुलित करती है – आस्था, परंपरा और न्याय के तराजू में।

## जयपुर प्रेस क्लब में 1 जून से समर कैंप: योग, मार्शल आर्ट, कथक, पेंटिंग सहित बच्चों को 10 दिन तक मिलेगा बहुआयामी प्रशिक्षण

### - डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने किया पोस्टर विमोचन, क्लब भवन के जीर्णोद्धार का दिया आश्वासन



जयपुर | प्रेस क्लब की ओर से 1 जून से 10 जून तक ग्रीष्मकालीन बाल अभिरुचि शिविर (समर कैंप) का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में बच्चों को योग, मार्शल आर्ट, कथक, राजस्थानी नृत्य, वेस्टर्न डांस, नाटक, चित्रकला और पेंटिंग जैसी विधाओं का व्यवस्थित प्रशिक्षण मिलेगा।

शुक्रवार को राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने प्रेस क्लब शिविर का औपचारिक पोस्टर विमोचन किया। इस मौके पर उन्होंने आयोजकों को बधाई दी और बच्चों के लिए ऐसे रचनात्मक आयोजन को सराहनीय बताया। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब के सदस्यों को शुभकामनाएं भी दीं।

शिविर की मुख्य विशेषताएं:

तारीख: 1 जून से 10 जून
समय: प्रतिदिन सुबह 7 बजे से
स्थान: जयपुर प्रेस क्लब परिसर
विधाएं:
योग
मार्शल आर्ट
कथक और राजस्थानी नृत्य
वेस्टर्न डांस
थियेटर/नाटक
कला एवं पेंटिंग

शिविर का संयोजन प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य अनिता शर्मा के निर्देशन में किया जाएगा।

क्लब भवन के जीर्णोद्धार का ज्ञापन

जयपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा के नेतृत्व में कार्यकारिणी सदस्यों ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात की। उन्होंने समर कैंप में उपस्थित होने का न्योता दिया और प्रेस क्लब भवन के जीर्णोद्धार हेतु एक ज्ञापन सौंपा। डिप्टी सीएम ने क्लब भवन के उन्नयन और पुनर्निर्माण को लेकर सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में रहे ये प्रमुख सदस्य मौजूद

इस अवसर पर प्रेस क्लब महासचिव मुकेश चौधरी, कोषाध्यक्ष विकास शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. मोनिका शर्मा, ओमवीर भार्गव, दीपक सैनी, ज्ञानेंद्र मिश्रा, निखलेश शर्मा, शालिनी श्रीवास्तव, उमंग माथुर और विकास आर्य भी मौजूद रहे।

बच्चों की रचनात्मकता और आत्मविश्वास को मिलेगा मंच

यह समर कैंप न केवल बच्चों की छुट्टियों को रचनात्मक दिशा देगा, बल्कि उन्हें विभिन्न सांस्कृतिक एवं शारीरिक गतिविधियों में प्रतिभा निखारने का अवसर भी प्रदान करेगा। जयपुर प्रेस क्लब का यह प्रयास बच्चों को मंच प्रदान करने के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता और अभिव्यक्ति को भी बढ़ावा देगा।

## बॉर्डर से सटे गांव चक्रोही में शिवराज सिंह सिंह ने किसानों से किया संवाद, खेत व नर्सरी फार्म देखे

### महिला किसानों औरउद्यमियों से किया संवाद, ड्रोन कर्मियों से भी की चर्चा

**कहा, वैज्ञानिक गांव-गांव आ रहे हैं, किसान उनसे संवाद करें और सवाल पूछें**

नई दिल्ली

पंद्रह दिन चलने वाले 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को जम्मू पहुंचे, जहां वे आरएस पुरा सेक्टर में पदयात्रा में शामिल हुए, वहीं केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के साथ तिरंगा यात्रा के साथ किसानों व वैज्ञानिकों का उत्साह बढ़ाया। साथ ही, उन्होंने महिला किसानों और महिला उद्यमियों से संवाद किया और ड्रोन कर्मियों से भी सीधी चर्चा की। शिवराज सिंह ने जम्मू में बॉर्डर से सटे एक किलोमीटर दूरी पर स्थित गांव चक्रोही में भी किसानों से संवाद किया और उनके खेत और नर्सरी फार्म देखने के साथ ही उनसे विस्तार से खेती की जानकारी ली।



चौहान ने कहा कि पहलगाम की घटना मानवता पर कलंक है। इसलिए, जिन्होंने हमारी बेटियों की मांग का सिंदूर पोंछा, हमारी सेना ने उनके आतंक के अड्डे तबाह और बर्बाद कर दिए, तीन दिन में पाकिस्तान घुटनों पर आ गया, वो गोली चलाएंगे तो हम गोला चलाएंगे। भारत ने पाक पर पहले हमला नहीं किया, हमने नागरिकों व उनकी सेना पर भी हमला नहीं किया। सिंह ने किसानों से कहा कि अभियान में वैज्ञानिक गांव आ रहे हैं, किसानों से आग्रह है कि वे वैज्ञानिकों के साथ संवाद करें, सवाल पूछें। ये संवाद हमारे कृषि उत्पादन को और बढ़ाएगा। उत्पादन बढ़ेगा तो मुनाफा बढ़ेगा, हमें उत्पादन बढ़ाना है, लागत घटाना है, उत्पादन के ठीक दाम देना है। वैज्ञानिकों से कहा कि किसान से पूछकर रिसर्च करना चाहिए ताकि वे किसानों के सीधे काम आएं। सिंह ने कहा कि मोदी सरकार किसानों के फायदे के लिए एमएसपी दे ही रही, किसानों को कम ब्याज पर लोन भी दिया जा रहा है। किसान सब योजनाओं का लाभ लें। नुकसान होने पर भरपाई, कृषि का विविधीकरण जैसे अहम कदम उठाए गए हैं। वे बोले- हम सब मिलकर देश को आगे ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में कई तरह की फसलें हैं, ये धरती सोना उगलती है। यहां का सेब दुनिया में धूम मचाता है। इनकी वैरायटी और कैसे अलग-अलग बनें, क्वालिटी और सुधरे, उत्पादन ज्यादा कैसे हो, ये सब वैज्ञानिक किसानों को बताएंगे। इनसे सीखिए, जरूरत पड़े तो इन्हें सिखाइए भी। दोनों साथ बैठेंगे, तब काम चलेगा। कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के कृषि मंत्री जावेद अहमद डार, जम्मू के जुगलकिशोर शर्मा, क्षेत्र के विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि, केंद्रीय बागवानी आयुक्त डा. प्रभात कुमार, आईसीएआर के उप महानिदेशक (कृषि प्रसार) डा. राजबीर सिंह, सहित केंद्र व राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी-वैज्ञानिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जम्मू व आसपास के किसान मौजूद थे।

## देश की जीडीपी अनुमान से काफी कम अर्थव्यवस्था पर जयराम ने उठाए सवाल

हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने हाल ही में भारत की आर्थिक स्थिति, विशेष रूप से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में कमी को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के ताजा आंकड़ों का हवाला देते हुए सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए।

ये आंकड़े जुलाई-सितंबर 2024 की तिमाही के लिए हैं, जिनमें जीडीपी वृद्धि दर 5.4 फीसदी रही, जो अनुमान से काफी कम है और पिछले कई वर्षों में सबसे निचले स्तरों में से एक है। जयराम ने एक्स पर पोस्ट में जीडीपी आंकड़ों का जिक्र करते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा। रमेश ने कहा कि जुलाई-सितंबर 2024 की तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि दर केवल 5.4 फीसदी रही, जो विभिन्न अनुमानों (जैसे रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और अन्य अर्थशास्त्रियों के 6.5 फीसदी से अधिक) के अनुमानों से काफी कम है। उन्होंने इसे परेशान करने वाला और अनुमान से कहीं अधिक खराब बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह मंदी दर्शाती है कि भारत का आर्थिक विकास धीमा हो रहा है, और सरकार इस पर ध्यान देने के बजाय प्रचार और प्रसार में व्यस्त है।

जयराम रमेश ने तिमाही आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि निजी निवेश में सुस्ती बनी हुई है। खपत में केवल 6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जो आर्थिक गतिविधियों के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि लोग लंबी अवधि के लिए निवेश करने से बच रहे हैं, जिसके कारण मध्यम और दीर्घकालिक आर्थिक क्षमता में तेजी से गिरावट देखी जा रही है। रमेश ने जीडीपी वृद्धि में कमी का मूल कारण देश में मजदूरों की वास्तविक मजदूरी में पिछले एक दशक से ठहराव को बताया। उन्होंने कहा कि करोड़ों श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है, जिसके कारण लोगों की क्रय-शक्ति कम हुई है और निजी खपत प्रभावित हुई है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब लोगों की आय नहीं बढ़ रही, तो आर्थिक विकास कैसे संभव होगा?

### पीएम पर कसा तंज

जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि वह आर्थिक मंदी को संबोधित करने के बजाय हाइप बनाने में लगे हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 2014 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने रुपए के अवमूल्यन के खिलाफ अभियान चलाया था, लेकिन अब स्थिति और खराब हो चुकी है। एक अन्य पोस्ट में, रमेश ने रुपए के गिरते मूल्य पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार के सत्तारूढ़ होने तक 16 मई, 2014 को रुपया 58.58 प्रति डॉलर था, जो अब 85.27 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निम्न स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने इसे एशिया की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा करार दिया और सरकार की नीतियों पर सवाल उठाया।

## असम में विस चुनाव हैं अगले साल, लेकिन कांग्रेस ने अभी से लगाया जोर, जुटे नेता, बनी रणनीति

हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली



असम में हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में चल रही भाजपा सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव से पहले कैसे, किन किन मुद्दों पर घेरना है, कौन कौन नेताओं की क्या क्या जिम्मेदारियां होंगी इस पर 'जीरो इन' करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष लोकसभा के सांसद गौरव गोगोई के नेतृत्व में प्रदेश संगठन के प्रमुख नेताओं के साथ पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल, प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह ने इंदिरा भवन में माथापच्ची की। मुख्य उद्देश्य था अगले साल असम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सत्ता तक पहुंचान का रास्ता बनाना। असम में विधानसभा का कार्यकाल 20 मई 2026 तक है। भाजपा 2016 से सत्ता में है। इस बार सत्ता में वापसी के लिए पूरी ताकत लगा रही है। असम में भाजपा सरकार, सीएम हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार, माफियागीरी और सिंडिकेट चलाने के आरोपों को प्रमुख मुद्दा बनाने की योजना बनी। कांग्रेस ने चाय बागान श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी, बेरोजगारी, और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों को उठाने की रणनीति बनाई।

### अनुशासनहीनता करने वाले होंगे पार्टी से बाहर

राहुल ने नेताओं को अनुशासन बनाए रखने की सख्त हिदायत दी। कुछ नेताओं ने शिकायत की थी कि हिमंत बिस्वा सरमा के संपर्क में हैं, जिसे पार्टी आलाकमान ने गंभीरता से लिया। राहुल गांधी ने प्रभारी जितेंद्र सिंह को निर्देश दिए कि अनुशासन तोड़ने वाले नेताओं पर तत्काल कार्रवाई की जाए। नए परिसीमन के बाद बदले राजनीतिक समीकरणों को ध्यान में रखकर अधिक मेहनत करने पर जोर दिया गया, विशेष रूप से मुस्लिम बहुल सीटों की संख्या कम होने के कारण। बैठक में मार्च 2026 से जमीनी स्तर पर जनसंपर्क अभियान शुरू करने का फैसला लिया गया। इस अभियान के तहत भाजपा सरकार के कथित भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों का पर्दाफाश किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, और प्रियंका गांधी के असम दौरे और रैलियों की योजना भी बनाई गई।

### महाराष्ट्र चुनाव से अनुभव से होगी तैयारी

गोगोई के नेतृत्व में नई असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। गौरव को हाल ही में भूपेन कुमार बोरा की जगह प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है और उनके साथ 3 कार्यकारी अध्यक्ष, जाकिर हुसैन, रोजलीना तिर्की, प्रदीप सरकार तथा विभिन्न समितियों के अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। खरगे ने कहा असम की जनता भ्रष्टाचार और नफरत की राजनीति को नकार रही है। कांग्रेस को इस अवसर का लाभ लेकर विश्वास जीतना होगा। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से सबक लेते हुए कांग्रेस ने वोटर लिस्ट में हेरफेर पर नजर रखने और बूथ स्तर पर बेहतर प्रबंधन की रणनीति बनाई।

# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## कुछ वर्षों में बिखरने लगी है प्रकृति की गति और लय

प्रकृति की अपनी गति होती है, लेकिन दुख की बात है कि उसकी लय पिछले कुछ वर्षों में बिखरने लगी है। पिछले कुछ दिनों में देश के अलग-अलग हिस्से में कहीं तेज आंधी चली, तो कहीं मूसलाधार बारिश ने कहर बरपाया। दरअसल, वैश्विक ताप बढ़ने के साथ न केवल भारत में, बल्कि दुनियाभर में मौसम का चक्र टूट रहा है। दिल्ली में पिछले कुछ दिनों में अप्रत्याशित आंधी-बारिश आई। राजधानी सहित देशभर के ज्यादातर हिस्से में जहां मई में भीषण गर्मी पड़ती है, वहीं इस बार मौसम इस कदर बदला कि लोगों को विश्वास ही नहीं हुआ कि यह बारिश का मौसम है या गर्मी का।

मौसम विभाग ने ही बताया कि पिछले शनिवार को हुई बारिश ने 125 वर्ष का रेकार्ड तोड़ दिया। कई जगहों पर पेड़ उखड़ गए और रिहाइशी इलाकों में भी काफी नुकसान हुआ। राजधानी में तेज आंधी और बारिश के बाद यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या इसे सहज माना जाए या फिर जलवायु परिवर्तन की चेतावनी समझा जाए। हाल ही में बंगलुरु में लगातार बारिश से जन-जीवन थम-सा गया। घरों में पानी घुस गया। सड़कों पर नावें भी चलीं। महाराष्ट्र में भी कमोबेश यही स्थिति पैदा हुई। दूसरी ओर मानसून ने केरल में इस बार समय से पहले दस्तक दे दी है। हैरत की बात यह है कि कोई पंद्रह साल बाद यह सबसे जल्दी आया है। यह आमतौर पर एक जून को आता है, लेकिन इस वर्ष यह न केवल पहले आया, बल्कि देखते ही देखते कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों पर भी छा गया।

भारत में मौसम के बदलते मिजाज की यह नई तस्वीर है। हालांकि मौसम विशेषज्ञों का मानना था कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं से मौसम बदला। मगर इसके बाद मौसम इस कदर पलटेगा और भयावह तूफान आएगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं था। विचित्र बात है कि एक ओर दक्षिण-पश्चिम भारत में बारिश हो रही है, तो उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत के कई राज्य भीषण गर्मी की चपेट में हैं। कहीं तेज हवाएं चलने के कारण लोगों को सतर्क किया जा रहा है, तो कहीं आंधी चलने की चेतावनी जारी की जा रही है। मौसम के बदलते तेवर के जोखिम से जनहानि का अंदेशा भी बना रहता है। वहीं रेल और हवाई यातायात पर असर पड़ता है। पिछले दिनों कई उड़ानों के मार्ग बदलने पड़े।

# हफ्तेभर में कोरोना के 3 गुना मामले; क्या नया वैरिएंट वैक्सीन को भी चकमा दे रहा है? लॉकडाउन की आशंका फिर से मंडराने लगी!

देश में एक बार फिर कोरोना संक्रमण ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, बीते एक हफ्ते में कोविड-19 के मामलों में तीन गुना वृद्धि दर्ज की गई है। यह तेजी किसी आम उछाल की तरह नहीं देखी जा रही, बल्कि इसके पीछे एक नया वैरिएंट 'KP.3' को जिम्मेदार माना जा रहा है, जो पहले से अधिक संक्रामक और प्रतिरोधक क्षमता को चकमा देने वाला बताया जा रहा है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, भारत में 26 मई तक 1047 एक्टिव कोरोना केस हैं। जबकि पिछले हफ्ते यानी 19 मई तक सिर्फ 257 एक्टिव केस थे। एक हफ्ते में 750 से ज्यादा केस जुड़े। केरल में सबसे ज्यादा 430 एक्टिव केस मिले। इसके बाद दिल्ली में 104 एक्टिव केस हैं।

फिलहाल देश में कोरोना के 4 नए वैरिएंट मौजूद हैं, जो ओमिक्रॉन के सब-वैरिएंट हैं। 2021 में वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन यानी WHO ने कोरोना के नए वैरिएंट B.1.1.529 को ओमिक्रॉन नाम दिया था।

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च यानी ICMR के डायरेक्टर डॉ. राजीव बहल ने बताया कि दक्षिण और पश्चिम भारत से जिन वैरिएंट की सीक्वेंसिंग की गई है, वे LF.7, XFG, JN.1 और NB.1.8.1 सीरीज के हैं।

JN.1 भारत में सबसे आम वैरिएंट है, जो जीनोम सिक्वेंसिंग में करीब 53% सैम्पल्स में मिला है। इसकी शुरुआत अगस्त 2023 में लक्जमबर्ग में हुई थी। भारत में इसका पहला मामला केरल में दिसंबर 2023 में सामने आया। तब यह ज्यादा फैल नहीं पाया था। लेकिन अब यह तेजी से बढ़ रहा है।

अमेरिका के जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के मुताबिक, JN.1 अन्य वैरिएंट की तुलना में ज्यादा आसानी से फैलता है, लेकिन यह बहुत गंभीर नहीं है। दुनिया के कई हिस्सों में यह सबसे आम वैरिएंट है। इसके लक्षण कुछ दिनों से लेकर हफ्तों तक रह सकते हैं। JN.1 को सबसे ज्यादा संक्रामक माना जा रहा है क्योंकि यह उन लोगों को भी संक्रमित कर सकता है जो पहले कोविड से ठीक हो चुके हैं। हालांकि, यह कोविड-19 की शुरुआती लहरों जितना घातक नहीं है।

इसका म्यूटेशन वायरस को ह्मन सेल्स में आसानी से एंट्री और इम्यून सिस्टम को नुकसान पहुंचाने में मदद करता है। JN.1 में करीब 30 म्यूटेशन्स हैं, जो इम्यूनिटी कमजोर करते हैं।

WHO ने इसे 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' की कैटेगरी में रखा है, यानी यह निगरानी के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि यह अभी तक 'वैरिएंट ऑफ कन्सर्न' यानी डेल्टा या ओमिक्रॉन जितना खतरनाक नहीं माना गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभी देश भर में कोरोना के 1047 एक्टिव केस हैं। दिल्ली के अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में सीनियर कंसल्टेंट डॉ. संचयन रॉय के मुताबिक, नए कोरोना वैरिएंट्स भी पुराने कोविड-19 की तरह फैलते हैं...

ड्रॉपलेट्स: जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसता, छींकता या बात करता है, तो हवा में कुछ बूंदें फैलती हैं।

डायरेक्ट कॉन्टैक्ट: संक्रमित व्यक्ति के साथ डायरेक्ट कॉन्टैक्ट यानी सीधे या शारीरिक संपर्क से फैल सकता है। खासकर अगर कोई उनके चेहरे, आंख या मुंह को छूता है।

चीजों की सतह: ये वायरस चीजों की सतहों पर बना रह सकता है। दरवाजे के हैंडल या मोबाइल जैसी दूषित चीजों को छूने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

हवा में मौजूदगी: वायरस के छोटे-छोटे पार्टिकल्स हवा में रह सकते हैं, खासकर भीड़भाड़ वाले या खराब हवा वाली जगहों में।

नए वैरिएंट्स की फैलने की दर को रिप्रोडक्शन नम्बर यानी RO और ग्रोथ रेट से मापा जाता है। आसान भाषा में कहें तो एक संक्रमित व्यक्ति औसतन कितने लोगों को संक्रमित कर सकता है।

WHO के मुताबिक, JN.1 और LF.7 का RO 4 से 6 के बीच है, जबकि कोविड-19 का RO 2 से 4 के बीच था। कोविड-19 के मुकाबले JN.1 50-70% ज्यादा संक्रामक है, क्योंकि यह हवा में ज्यादा आसानी से फैलता है और इम्यूनिटी को कमजोर कर देता है। NB.1.8.1 और XFG का RO 5-7 के बीच है। डॉ. संचयन रॉय कहते हैं, 'जिन लोगों को पहले वैक्सीन लग चुकी हैं, उन्हें भी कोरोना का नया वैरिएंट संक्रमित कर सकता है। यह फैलने वाला इन्फेक्शन है, इसलिए किसी पेशेंट के संपर्क में आने से ये किसी को भी हो सकता है। यानी पुरानी वैक्सीन डोज नए वैरिएंट के असर को नहीं रोक सकती, लेकिन यह नए वैरिएंट के खतरे को कम जरूर कर देती है। पुराने वैक्सीनेशन की इम्यूनिटी अभी भी पूरी तरह से कमजोर नहीं हुई है। यह आपके शरीर को नए वैरिएंट से लड़ने में मदद जरूर कर सकती है।'

गुरूग्राम के मारेंगो एशिया हॉस्पिटल की डॉ. दीक्षा गोयल और दिल्ली के मैक्स हेल्थकेयर हॉस्पिटल के डॉ. संदीप बुद्धिराजा के मुताबिक, कोरोना के नए वैरिएंट 4 तरह के लोगों पर असर कर रहा है...

1. 65 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग: उम्र के बढ़ने के साथ इम्यून सिस्टम कमजोर होता है, जिससे JN.1, XFG और NB.1.8.1 जैसे वैरिएंट्स आसानी से संक्रमण फैला देते हैं। जिन बुजुर्गों ने बूस्टर डोज नहीं लिया, उनकी इम्यूनिटी कम हो रही है। वहीं शुगर, दिल की बीमारी और हाई ब्लडप्रेशर वाले बुगुर्जों में भी कोरोना का खतरा ज्यादा है।

2. एक साल से कम उम्र वाले बच्चे: कुछ देशों में 1 साल से कम उम्र वाले बच्चे भी कोरोना की पकड़ में आसानी से आ रहे हैं, हालांकि भारत में ऐसे मामले कम हैं। हाल ही में AIIMS ऋषिकेश में 3 नए मामले सामने आए, जिसमें एक बच्चा भी शामिल था। इस बच्चे को निगरानी में रखा गया है।

3. कमजोर इम्यूनिटी वाले हर उम्र के लोग: जिन लोगों की इम्यूनिटी कमजोर है या जिन्हें कैंसर, HIV या कोई बड़ी बीमारी है, उन पर कोरोना के वैरिएंट ज्यादा असर डाल रहे हैं। इन लोगों में वैक्सीन से बनी एंटीबॉडीज कमजोर हो सकती है, क्योंकि इनकी इम्यूनिटी इसे झेलने में असमर्थ हो जाती है।

4. ज्यादा सफर करने वाले लोग: देश-विदेश में ज्यादा सफर करने वाले लोगों में कोरोना फैलने का खतरा ज्यादा है, क्योंकि कोरोना के सभी वैरिएंट्स विदेशों से भारत में आएं हैं। फ्लाइट्स और ट्रेनों में वायरस आसानी से फैल जाता है। हाल ही में नोएडा में 55 साल की एक महिला ट्रेन से सफर करके लौटी, जिसे XFG संक्रमण हो गया। इसके अलावा जिन लोगों को पहले से स्वास्थ संबंधी समस्याएं हैं और जिन्होंने पूरा वैक्सीनेशन नहीं कराया, उन्हें कोरोना होने का खतरा बना हुआ है। दरअसल, वैक्सीन की इम्यूनिटी समय के साथ कम होती है और बूस्टर डोज न लेने से जोखिम बढ़ जाता है।

डॉ. संचयन रॉय के मुताबिक, नए कोरोना वैरिएंट्स से बचने के लिए सभी पुराने तरीकों का इस्तेमाल करना होगा, जो कोविड-19 के दौरान किए थे।

कोरोना के नए वैरिएंट से बचने के लिए वैक्सीनेशन मौजूद है, लेकिन इसके लिए एहतियात बरतने जरूरी हैं, क्योंकि वैक्सीनेशन नए वैरिएंट का असर होने से रोक नहीं सकती।'

कोरोना के नए वैरिएंट्स से लड़ने के लिए 3 प्रमुख वैक्सीन हैं...

फाइजर-बायोएनटेक: इसे 2023-24 में अपडेट किया गया। यह खासतौर पर ओमिक्रॉन XBB.1.5 और इसके सब-वैरिएंट्स यानी JN.1, LF.7, XFG) के लिए बनाई गई है। अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल यानी CDC के मुताबिक, यह संक्रमण को रोकने में 50-60% कारगर है।

मॉडर्ना: इसे 2024 में अपडेट किया गया और यह NB.1.8.1, LF.7, XFG वैरिएंट्स के लिए इस्तेमाल की जाती है। यह कोरोना के लक्षणों को हल्का और कम करने में मदद करती है।

नोवावैक्स और कोवोवैक्स: यह एक ही वैक्सीन के दो अलग-अलग ब्रांड के नाम हैं, जिन्हें NVX-CoV2373 कहा जाता है। यह प्रोटीन सब-यूनिट वैक्सीन है, जिसे SARS-CoV-2 वायरस के स्पाइक प्रोटीन के हिस्से से बनाया गया। यह प्रोटीन वायरस की तरह दिखती है, लेकिन बीमारी नहीं फैलाती। यह JN.1 समेत सभी वैरिएंट्स के खिलाफ 80-90% तक कारगर है।

डॉ. संचयन रॉय कहते हैं, 'लॉकडाउन जैसी स्थिति अभी नहीं बन सकती। कोविड-19 के दौरान वायरस नया था और ह्मन बॉडी में उससे लड़ने की केपेबिलिटी नहीं थी। लॉकडाउन एक स्ट्रैटजिक इवेंट था, जिससे लोगों को संक्रमण से बचाने और मरीजों से दूर रखाने के लिए हुआ था। अभी इतने गंभीर हालात नहीं हैं कि लॉकडाउन लगाया जाए। अभी स्थिति कंट्रोल में है और नया वैरिएंट पुराने कोविड-19 की तरह खतरनाक नहीं है। यह तेजी फैल जरूर रहा है, लेकिन उतना ज्यादा असर नहीं डाल सकता।'

अगर आने वाले समय में नए और ज्यादा खतरनाक वैरिएंट्स आए तो जरूरत पड़ने पर लॉकडाउन लगाया जा सकता है, लेकिन फिलहाल ऐसा कुछ नहीं होने वाला है। हालांकि, भारत सरकार ने नए वैरिएंट्स के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। देशभर के अस्पतालों में एक्स्ट्रा बिस्तरों की व्यवस्था की जा रही है और ऑक्सीजन की पूर्ति भी की जा रही है।

कोरोना गया नहीं, बस कमजोर पड़ा था। वैरिएंट के नए खेल में विज्ञान को एक बार फिर सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया से जवाब देना होगा। सरकार और नागरिकों की सामूहिक जागरूकता ही भारत को एक और लहर से बचा सकती है।

## सारा संसार



कोलुक्कुमालाई तमिलनाडु के थेनी जिले मे स्थित एक छोटा सा गाँव है। कोलुक्कुमलाई दुनिया में सबसे ऊंचे चाय बागानों के लिए प्रसिद्ध एक छोटा सा गांव है, जो चाय को एक विशिष्ट स्वाद देता है। प्रसिद्ध चाय कारखानों में से एक जहां वे पारंपरिक तरीके से चाय को संसाधित करते हैं।

## पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित
दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

## जब मन अशांत हो तो कोई बड़ा निर्णय न लें



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में जगह-जगह ठहरते भी थे। एक बार बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे तो उनके शिष्य चलते-चलते थक चुके थे। बुद्ध के शिष्यों ने कहा कि तथागत हमें कुछ देर विश्राम करना चाहिए, हम थक चुके हैं। शिष्यों की बात मानकर बुद्ध एक छायादार पेड़ के पास रुक गए। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि मुझे प्यास लगी है, पास में ही एक झरना बहता दिख रहा है। तुम वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा पाकर आनंद झरने के पास पहुंच गया। झरने के पास आनंद ने देखा कि पानी में से एक बैलगाड़ी गुजर रही है। बैलगाड़ी की वजह से पानी बहुत गंद हो गया था। नीचे की मिट्टी ऊपर दिखने लगी है। गंदा पानी देखकर आनंद बुद्ध के पास लौट आया। आनंद ने बुद्ध से कहा कि तथागत वहां का पानी तो बहुत ज्यादा गंदा है। इसलिए मैं लेकर नहीं आया। बुद्ध ने आनंद से कहा कि तुम कुछ देर बाद फिर जाना और इस बार भी पानी गंदा दिखे तो कुछ देर वहीं बैठ जाना, साफ पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद पानी के पास पहुंच गया। पानी गंदा दिखा तो वह तालाब के किनारे पर ही बैठ गया। थोड़ी देर बाद पानी की हलचल शांत हो गई, धीरे-धीरे मिट्टी नीचे बैठ गई, ऊपर बहता पानी एकदम साफ हो गया। आनंद पानी लेकर बुद्ध के पास पहुंच गया। बुद्ध ने पानी पीने के बाद सभी शिष्यों से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी ही परिस्थितियां बनती हैं, जब हमारा मन गंदे पानी की तरह अशांत हो जाता है।

## जयंती विशेष

प्रभात मिश्र

### सावरकर-पुण्य स्मरण

*'यस्मीन जीवति जीवन्ति बहव:स तु जीवतु' अर्थात जिनके जीने से अनेकों को जीवन मिलता है,वे सदा जीते रहें –पंचतंत्रम*

सावरकर के दिव्य योगदानों को कुछ शब्दों ,वाक्यों एवं आलेखों में बांध पाना संभव होगा, ऐसा मैं नहीं मानता। वीर सावरकर नाट्यकार, उपन्यासकार, व्यंग्यकार, भाषा सुधारक, लिपि सुधारक, दार्शनिक, चिंतक, युगदृष्टा, समाज सुधारक, क्रांति वीर, हिन्दी भाषा मंदिर के अनन्य पुजारी... और न जाने कितने उपमान सावरकर अपने आप मे समटे हुए दिखते हैं। सावरकर का कृतित्व तब और अधिक स्मरणीय हो जाता है, जब वर्तमान में हमारे राष्ट्र को कमजोर करने के लिए पडोसी दृश्य अदृश्य शत्रु देश दुरभिसंधि करते हैं और उन्हे भारत के भीतर से कुछ षड्यंत्रकारी शक्तियों के द्वारा कुचक्र रच समर्थन दिए जाते हैं तब सावरकर के दिए सिद्धांत उन कुचक्रों को भंग करते तोडते दिखते हैं। समाज जीवन में उनके आग्रह को भूतो न भविष्यति के रूप में उनके इस कथन से समझा जा सकती है-If they come with us, with them, if they do not, withoout them and if they oppose in spite of them we will go on and achieve our gole. तात्पर्य यदि तुम हमारे साथ आते हो तो तुम्हारे साथ, साथ नहीं आते हो तुम्हारे बिना और यदि तुम विरोध करते हो तुम्हारे विरोध के रहते भी हम अपना स्वातंत्र्य युद्ध चलाएंगे और उसमें सफल होंगे। वीर सावरकर ने सप्रमाण चेतावनी देते हुए एवं ऐतिहासिक दृष्टि से सचेत करते हुए कहा था कि धर्मांतरण ही राष्ट्रांतरण है जिसके व्यापक दुष्परिणाम आज भी देखने में आ रहे हैं। परंतु क्या हम उन प्रश्नों पर विचार कर समाधान दे पा रहे हैं? यह वीर सावरकर की इस जयंती पर यक्ष प्रश्न है ।



सावरकर की पुस्तक हिन्दुत्व के पंच प्राण और छः स्वर्णिम पृष्ठ,1857 की क्रांति प्रथम स्वातंत्र्य समर , का अध्ययन प्रत्येक उन पाठकों को करना चाहिए जो राष्ट्र को सबल बनाने का स्वप्न देख रहे हैं। वहीं उनकी दो कृतियां मोपला और गोमांतक उपन्यास पढ़ने के पश्चात बहुत कुछ समझा जा सकता है। ऐसा माना जाता है कि किसी भी समाज को, जाति-धर्म या राष्ट्र को निस्तेज करना तो उसके गौरवशाली इतिहास को नष्ट कर दिया जाए। सावरकर की लेखनी इसका प्रत्युत्तर है कि उन्होंने अपने हर प्रयास में इतिहासबोध लेखन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी ताकि भारतीय जन मानस मे स्वबोध का जागरण उदित हो सके , हिन्दी भाषा के अनेक शब्दों का आविष्कार सावरकर की देन है जिसका हिन्दी भाषी समाज सदैव ऋणि था है और रहेगा यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक है कि उनके योगदानों को विस्मृत कर उन्हें लांक्षित करने का प्रयास किया जाता रहा है। जिसे माकूल जवाब भी दिया जाना अनिवार्य प्रतीत होता है। सावरकर के विचार, साहित्य ऐसे समय मे हमारे लिए अत्यंत प्रासंगिक हो जाते हैं जब हमें सीमापार से अस्थिर करने के प्रयास किए जाते हों इस अस्थिरता का एक प्रतिउत्तर है सावरकर संकल्प चरैवेति चरैवेति ।।

*-लेखक प्रांतीय संयोजक अखिल भारतीय साहित्य परिषद छत्तीसगढ़*

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### विज्ञान, लोकतंत्र और बच्चों के संरक्षक पंडित नेहरु

भारतीय इतिहास में 27 मई का दिन केवल एक तिथि नहीं बल्कि एक युग के अवसान का प्रतीक है। यह वही दिन है, जब भारत ने अपना पहला प्रधानमंत्री, एक दूरदर्शी नेता, एक मानवतावादी चिंतक और बच्चों के चहेते 'चाचा नेहरु' को सदा के लिए खो दिया था। पंडित जवाहरलाल नेहरु न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी थे बल्कि आजादी के बाद आधुनिक भारत की नींव रखने वाले प्रमुख शिल्पी भी थे। उनका जीवन भारतीय राजनीति और समाज के पुनर्निर्माण की यात्रा का वह अध्याय है जिसे बार-बार पढ़ा जाना चाहिए। नेहरु का सपना केवल एक स्वतंत्र भारत नहीं था बल्कि ऐसा भारत था, जो वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और शिक्षा के उजास से आलोकित हो। *-सुमीत यदु, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

### एवरेस्ट फतह के उपलक्ष्य में 100 पर्वतारोही सम्मानित



हिमालय की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट पर एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नोर्गे द्वारा पहली सफल चढ़ाई की याद में मंगलवार को नेपाल में सम्मानित किए गए 100 से अधिक पर्वतारोहियों में 10 भारतीय पर्वतारोही भी शामिल हैं। पर्यटन, संस्कृति और नागरिक उड्डयन मंत्री बद्री पांडे ने 29 मई को अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस से पहले एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले नेपाली और अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोहियों को सम्मानित किया। पांडे ने कहा, 'नेपाल सरकार न केवल पर्वतीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि हम पर्वतारोहियों की सुरक्षा और भविष्य की पीढ़ियों के लिए हिमालय के संरक्षण को लेकर भी चिंतित हैं।' उन्होंने कहा, 'हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए पहाड़ों की देखभाल और सुरक्षा करनी चाहिए।' नेपाल, भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, सिंगापुर, फिलीपीन, फलस्तीनी क्षेत्र और ब्रिटेन सहित अन्य देशों के 100 से अधिक पर्वतारोहियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। 'एवरेस्ट एलायंस नेपाल' द्वारा आयोजित 'एवरेस्ट पर्वतारोही सम्मेलन' में भारत के 10 पर्वतारोहियों को सम्मानित किया गया जिनमें आशीष सिंह, निशा कुमारी, अनुजा वैद्य, बलजीत कौर, सुविधा कदलाग, सूर्य प्रकाश, शेख हिमांशु, सत्यरूप सिद्धांत, ज्योति रात्रे और अदिति शामिल हैं।

## ऑफ बीट

### गणित के पठन-पाठन में काफी अंतर आया है

पाइथागोरस का प्रमेय आज भी उतना ही सटीक है जितना सदियों पहले इसकी खोज के समय था, और यह आगे भी उतना ही सटीक रहेगा।



लेकिन आज के शिक्षक भी गणित को उस समय की तुलना में बहुत अलग तरीके से पढ़ाते हैं जब माता-पिता स्कूल में थे। मानसिक संबंध प्रक्रियाएं नहीं। पिछले 30 वर्षों में गणित के पठन-पाठन में परिवर्तन आया है। कंप्यूटर प्रौद्योगिकी के विकास के साथ तालमेल बिठाने के लिए गणित शिक्षण भी बदल गया है। यह बचपन से लेकर 12वीं कक्षा तक गणित की शिक्षा को प्रभावित कर रहा है। किसी भी चीज के अलावा, हम जानते हैं कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी में दक्षता छात्रों को उस दुनिया के लिए शिक्षित करने की कुंजी है जिसमें वे रहेंगे और काम करेंगे। एक उदाहरण के रूप में, गतिशील ज्यामिति सॉफ्टवेयर के उपयोग का मतलब है कि शिक्षक ग्राफ़ के परिवर्तनों को तुरंत दिखा सकते हैं, जिससे छात्रों को चर कैसे काम करते हैं इसकी गहरी समझ मिलती है, जिससे छात्रों को इन अवधारणाओं को ग्राफ़ की एक विस्तृत श्रृंखला पर लागू करने में मदद मिलती है।

## ट्रेंड

### नक्सलियों के अड्डे ध्वस्त



ऑपरेशन ब्लैकफॉरेस्ट में सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ की दुर्गम पहाड़ियों पर बने नक्सलियों के अनेक अड्डों को ध्वस्त किया। छत्रपति शिवाजी महाराज जी की भूमि पर फिर से दोहराता हूँ कि 31 मार्च 2026 तक भारत नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### निवेश योजनाओं पर चर्चा



कुप्पम में श्रीजा दूध उत्पादक संगठन और मदर डेयरी के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। हमने शून्य गरीबी को प्राप्त करने के लिए उनकी परिवर्तनकारी निवेश योजनाओं पर चर्चा की, जो स्वर्ण आंध्र के लिए हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।
-एन. चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश

### मंदिरों पर सरकारी कब्जा



बड़े मंदिरों पर सरकार के प्रबंधन के बहाने भाजपा अप्रत्यक्ष रूप से अपना कब्जा करती जा रहे है। जो परंपरागत रूप से इनका प्रबंधन-संचालन करते आ रहे हैं, उनसे सेवा-भाव के अधिकार छीने जा रहे हैं।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### नॉट फाउंड सूटेबल



'नॉट फाउंड सूटेबल' अब नया मनुवाद है। एससी /एसटी/ओबीसी के योग्य उम्मीदवारों को जानबूझकर 'अयोग्य' ठहराया जा रहा है ताकि वे शिक्षा और नेतृत्व से दूर रहें। यह हक, सम्मान और हिस्सेदारी की लड़ाई है।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

रॉयल पत्रिका

# मुख्यमंत्री का नई दिल्ली दौरा - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की

## - ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों की सफलता के लिए दी बधाई

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान शर्मा ने केन्द्रीय गृहमंत्री को आतंकवाद के विरुद्ध भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। शर्मा ने केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री को राजस्थान में सहकारिता क्षेत्र की प्रगति एवं नवाचारों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पैक्स के कंप्यूटराइजेशन, म्हारो खातो म्हारो बैंक, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना और सहकार से समृद्धि अभियान से जुड़े विषयों पर चर्चा की तथा अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में राजस्थान में प्रस्तावित सहकार सम्मेलन के लिए शाह को सादर आमंत्रित किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय सहकारिता मंत्री को सहकार से समृद्धि अभियान के तहत प्रारम्भ की गई 54 पहलों की सफल क्रियान्विति के लिए आभार व्यक्त किया। शर्मा ने केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से भी मुलाकात की। इस दौरान शर्मा ने राजस्थान में ड्रेनेज विकास, पेयजल उपलब्धता, मेट्रो विस्तार, सुगम परिवहन सुविधा तथा विभिन्न माध्यमों के जरिए विद्त उत्पादन व आपूर्ति के संबंध में विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री के साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों में शहरी परिवहन सेवाओं के विस्तार एवं सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाने के संबंध में चर्चा की। साथ ही, उन्होंने जयपुर मेट्रो परियोजना-द्वितीय चरण के लिए संयुक्त उद्यम मॉडल के तहत अनुमोदन प्रदान करने तथा केन्द्रीय सहायता शीघ्र जारी करने पर विस्तृत बातचीत की। शर्मा ने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से जोधपुर विद्त वितरण निगम लिमिटेड द्वारा दिन के समय कृषि उपभोक्ताओं की विद्त आपूर्ति के प्रबंधन के लिए 1368 करोड़ रूपये की डीपीआर को आरडीएसएस परियोजना के अन्तर्गत मंजूरी प्रदान करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री से राजस्थान में 115 गीगावाट की योजनाओं के अतिशीघ्र क्रियान्वयन तथा 50 गीगावाट अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी हेतु पारेषण (ट्रांसमिशन) तंत्र विकसित करने के लिए सीटीयूआईएल, सीईए, एमएनआरई एवं अन्य संबंधित



संस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान करने का अनुरोध किया।

**केन्द्रीय रेल मंत्री एवं केन्द्रीय कोयला मंत्री से मुलाकात, महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा—**

मुख्यमंत्री शर्मा ने केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नागरिकों की सुविधा व औद्योगिक विकास के लिए रेलवे नेटवर्क के विस्तार पर चर्चा की। साथ ही, डिजिटल कनेक्टिविटी को सुद्दढ़ बनाने तथा सूचना एवं प्रसारण क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करने से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त शर्मा ने केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने खनिज संसाधनों के सतत विकास, निवेश की संभावनाओं और खनन क्षेत्र से जुड़ी बुनियादी संरचना को सुद्दढ़ करने के साथ-साथ पावर प्लांट के लिए कोयला आपूर्ति के संबंध में सार्थक चर्चा की।

# नकली खाद बनाने वाली फर्मों के खिलाफ डॉ. किरोड़ी लाल मीणा का एक्शन, दूसरे दिन भी जारी

## -किशनगढ़, में कई फैक्ट्रियों पर मारे छापे में मिली नकली खाद



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने नकली खाद बनाने वाले माफियाओं के खिलाफ अपनी कार्रवाई को बरकरार रखते हुए शुक्रवार को भी अजमेर जिले के किशनगढ़ में डिंडवाड़ा, उदयपुरकला, तिलोनियां, नालू और बांदरसिंदरी क्षेत्रों में स्थित फैक्ट्रियों में छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान फैक्ट्रियों में मार्बल के चूने और मिट्टी को मिलाकर नकली डीएपी, एसएसपी और पोटाश तैयार किया जा रहा था। खेतों और गोदामों में बनी अवैध फैक्ट्रियों में हजारों ब्राण्ड़ेड नामों के खाली कट्टे और लेबल मिले। उर्वरकों को ब्राण्ड़ेड कम्पनियों के नाम पर पैक किया जा रहा था और इन कट्टों को गांवों में किसानों को बेचने की तैयारी चल रही थी।

कृषि मंत्री ने बताया कि किसानों को उच्च गुणवत्ता युक्त खाद, बीज एवं उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी और नकली उर्वरकों पर अंकुश लगाने के लिए कृषि विभाग द्वारा समय-समय पर विशेष गुण नियंत्रण अभियान चलाये जाते हैं।

अजमेर जिले में कुल 21 विनिर्माण इकाईयों स्थापित है, जो प्रोम, जैव उर्वरक एवं पोटाश ड्रिराविड फॉर्म मोलासिस आदि निर्माण किया जाता है। इन इकाईयों में से 8 इकाईयां अजमेर के किशनगढ क्षेत्र में स्थापित है।

कृषि मंत्री के निर्देशानुसार गुरूवार और शुक्रवार को किशनगढ क्षेत्र के गांव उदयपुरकलां, तिलोनिया, नालू आदि में स्थापित वैद्य व अवैद्य इकाईयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अतिशा बायोटेक, चूरली के पास प्रोम एवं पोटाश ड्रिराविड मोलासिस के विनिर्माण का लाईसेंस है तथा बिना वैद्य लाईसेंस के सागरिका उर्वरक के निम्न गुणवत्ता के उर्वरक बनाये जा रहे थे। फर्म द्वारा प्रोम एवं पोटाश ड्रिराविड मोलासिस के विनिर्माण में उपयोग होने वाले अवयवों की सही जानकारी नही देने से 631.47 मेट्रिक टन प्रोम, पीडीएम, सागरिका सीज किया गया एवं 4 नमूनें लिए गये। ट्रोपिकल एग्रो सिस्टम इकाई के पास प्रोम एवं पोटाश ड्रिराविड मोलासिस के विनिर्माण का लाईसेंस है परन्तु फर्म द्वारा प्रोम एवं पोटाश ड्रिराविड मोलासिस के विनिर्माण में उपयोग होने वाले अवयवों की सही जानकारी नही देने से 246.01 मेट्रिक टन प्रोम एवं अन्य अवयवों को सीज कर 2 नमूनें लिए गये।

इसी प्रकार दिव्या एग्रो फर्टीलाइजर इंडस्ट्रीज इकाई के पास प्रोम एवं पोटाश ड्रिराविड मोलासिस के विनिर्माण का लाईसेंस है तथा बिना वैद्य लाईसेंस के सागरिका उर्वरक के निम्न गुणवत्ता के उर्वरक बनाये जा रहे थे। फर्म द्वारा प्रोम एवं पोटाश ड्रिराविड मोलासिस के विनिर्माण में उपयोग होने वाले अवयवों की सही जानकारी नही देने से अमानक क्वालिटी के 879.85 मै.टन प्रोम, पीडीएम, सागरिका आदि को सीज किया जा रहा है। भूमि एग्रो इंडस्ट्रीज, उदयपुर कलाँ इकाई के पास जैव उर्वरकों के विनिर्माण का लाईसेंस है। अवैद्य विनिर्माण रॉ मेटेरियल एवं जिप्सम मिलने के कारण 1750 मेट्रिक टन अवयव जिप्सम आदि सीज कर जांच के लिए नमूने लिये गये है। मैसर्स गोरधन एग्रो, उदयपुर कलाँ के पास प्रोम का लाईसेंस है। अवैद्य विनिर्माण रॉ मेटेरियल एवं जिप्सम मिलने के कारण 77.50 मेट्रिक टन अवयव जिप्सम आदि सीज किये गये है।

टिकावड़ा में तीन फैक्ट्रियों में प्रोम, पोटाश ड्रिराविड मोलासिस का रॉ मेटेरियल होने के संदेह में सीज कर दी गई, आगामी कार्यवाही की जा रही है तथा फैक्ट्रियां सीज की गई है। आज शुक्रवार को मैसर्स ग्रीन एग्रो इण्डस्ट्रीज एवं राधिका एग्रो इण्डस्ट्रीज बांदरसिदरी पर कार्रवाई प्रगति पर है।

गुरूवार को 8 इकाईयों पर उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 की धारा 28 (1)(डी) के तहत सीज की कार्यवाही की गई तथा शुक्रवार को 2 वैद्य इकाईयों पर कार्रवाई प्रगतिरत है। स्थानीय अधिकारियों सहित राज्य स्तर के अधिकारियों द्वारा मौके पर उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार लगभग 2798.04 मैट्रिक टन विभिन्न उर्वरक को सीज कर वैधानिक कार्यवाही एवं नमूना आहरण की कार्रवाई की जा रही है। इस क्षेत्र में शेष इकाईयों की जांच प्रगति पर है।

राज्य के अन्य जिलों में स्थापित शेष इकाईयों 277 पर भी सघन निरीक्षण हेतु जिला अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है। 1 अप्रेल, 2025 से अब तक उर्वरकों के 1464 नमूनें आहरित किये गये, जिसमें से 136 नमूनें अमानक पाये गये, जिनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के अनुसार नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। खरीफ फसल पूर्व संघन गुण नियंत्रण अभियान दिनांक 15 मई, 2025 से 10 जुलाई, 2025 तक संचालित किया जा रहा है, जिसमें निरीक्षकों द्वारा विक्रेता एवं विनिर्माता के परिसरों को निरीक्षण करने, नमूना आहरित करने एवं अनियमितता पाये जाने पर उनके विरूद्ध आदेश/नियम/अधिनियम के अनुसार कार्यवाही की जा रही है।

# ऑपरेशन शील्ड के तहत जयपुर के विशेष स्थान पर शनिवार को होगा मॉक ड्रिल का पूर्व अभ्यास

## - घरों, प्रतिष्ठानों, कार्यालयों वाहनों की लाइट बंद कर ब्लैकआउट में करें सहयोग

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा प्रदत्त आदेशों की अनुपालना में शनिवार को जयपुर जिले के एक स्थान विशेष पर ऑपरेशन शील्ड के तहत मॉक ड्रिल एवं ब्लैक आउट के पूर्व अभ्यास का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अभ्यास से संबंधित क्षेत्र के नागरिकों से ब्लैक आउट के दौरान स्वेच्छा से घरों, कार्यालयों, प्रतिष्ठानों एवं वाहनों की लाइट बंद कर सहयोग की अपील की है। पूर्व अभ्यास के लिए चिन्हित परिधि क्षेत्र के अतिरिक्त जिले के अन्य क्षेत्रों में सामान्य परिस्थितियां बनीं रहेंगी।

अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) संतोष मीणा ने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर द्वितीय सिविल डिफेन्स अभ्यास (ऑपरेशन शील्ड) के तहत 31 मई को ड्रोन हवाई हमले के समय राहत एवं बचाव के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जिस स्थान विशेष पर मॉक ड्रिल का आयोजन होगा उसी स्थान पर सायरन सुने जाने तक के परिधि क्षेत्र में रात्रि में ब्लैक आउट किया जाएगा।

**ब्लैक आउट के दौरान क्या करें, क्या न करें**

उन्होंने बताया कि चिन्हित स्थान पर ब्लैक आउट किये जाने वाले क्षेत्र में रात्रि के समय सायरन बजा कर स्थानीय नागरिकों को ब्लैक आउट की सूचना दी जाएगी। संबंधित क्षेत्र के नागरिक ड्रोन से होने वाले हवाई हमले की स्थिति में ब्लैक आउट किए जाने पर सायरन या हूटर बजते ही बिना घबराए सभी नागरिक अपने घरों में रहे व अनावश्यक घर से बाहर न निकलें, अपने प्रत्येक स्थान की लाइट स्वेच्छा से बंद कर दें, भगदड न मचाए व धूम्रपान न करें, माचिस, मोबाइल, टॉर्च एवं फ्लैश लाइट का इस्तेमाल न करें।

यदि किसी घर अथवा प्रतिष्ठान की खिडकी से प्रकाश बाहर निकलता दिखें तो उस स्थान पर काला कागज लगाये, सडक पर चलने वाले वाहनों की लाइट बंद



करें तथा जहां जो हो वहीं वाहन के साथ रूक जाएं, ब्लैक आउट में क्षेत्र के सिविल डिफेन्स के वार्डनों की सहायता करें, दो मिनट तक सायरन बजने पर बचाव कार्य व अन्य गतिविधि में लग जाएं, ऐयर रेड सायरन बजने पर शांतिपूर्वक सुरक्षित स्थान पर शरण ले, अफवाहों से बचे और प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना करें, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों व स्थानीय प्रशासन का सहयोग करें, मोबाइल या रेडियो पर सरकारी अलर्ट सुने, सुरक्षित शरण स्थल की जानकारी लें, शरण स्थल तक जल्दी से पहुंचने का रास्ता पहले से तय करें,

समय-समय पर जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशों/निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें, घबराये नहीं ट्रैफिक नियमों और आपदा प्रबंधन कर्मियों व पुलिस के निर्देशों का पालन करें। ड्रोन के हवाई हमले का रेड सिग्नल 2 मिनट तक ऊंची-नीची आवाज में सायरन बजाकर दिया जाएगा तथा खतरा टलने की सूचना 2 मिनट तक सायरन को एक ही आवाज में बजाकर दी जाएगी।

# मुख्य सचिव ने की शनिवार को होने वाली मॉक ड्रिल "ऑपरेशन शील्ड" को लेकर तैयारियों की समीक्षा

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा प्रदत्त दिशा-निर्देशों की पालना में नागरिक सुरक्षा सुद्दढ़ीकरण एवं क्रियाशीलता के आकलन हेतु शनिवार को आयोजित होने वाले द्वितीय नागरिक सुरक्षा अभ्यास "ऑपरेशन शील्ड" की तैयारियों को लेकर शासन सचिवालय में शुक्रवार को उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की।

पंत ने कहा कि अधिकारी सभी संचार माध्यमों एवं सायरनों को दुरुस्त कर संचार प्रणाली का सुद्दढ़ीकरण सुनिश्चित करें। साथ ही, पूर्व में आयोजित प्रथम मॉक ड्रिल से प्राप्त अनुभवों के आधार पर अधिकारी स्वयं को वॉर सिचुएशन से निपटने हेतु और अधिक सक्षम बनाएं।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सिविल डिफेंस नियंत्रक अपनी परिस्थितियों के अनुसार ड्रिल और ब्लैकआउट का समय निर्धारित करें। मॉक ड्रिल के दौरान रियल टाइम परिद्दश्य तैयार करने तथा ब्लैकआउट के समय और स्थान को गोपनीय रखने के भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को गृह मंत्रालय की गाइडलाइंस के अनुरूप समन्वय स्थापित करने, आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली को सुद्दढ़ करने एवं नागरिक सुरक्षा प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में नागरिक सुरक्षा निदेशालय के निदेशक जगजीत सिंह मोंगा ने मॉक ड्रिल के दौरान



एयरफोर्स, चिकित्सा, स्थानीय निकाय, गृह रक्षा, ऊर्जा, पुलिस विभाग तथा जिला प्रशासन की भूमिका पर प्रकाश डाला।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू, महानिदेशक इंटेलिजेंस संजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) विशाल बंसल, राजस्थान विद्त प्रसारण निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल, एयरफोर्स, थल सेना और नागरिक सुरक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही, संभागीय आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, जिला कलेक्टर तथा जिला पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े।

# विधान सभा अध्यक्ष का हनुमानगढ और बीकानेर दौरा

## -हनुमानगढ में करेंगे शहीद हेमूकालानी की मूर्ति का अनावरण



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी 31 मई से 2 जून तक हनुमानगढ और बीकानेर दौरे पर रहेंगे। देवनानी दोनों जिलों में अनेक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। देवनानी हनुमानगढ में शनिवार को दोपहर 12:00 बजे खुशालदास विश्व विद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। देवनानी इस विश्व विद्यालय में आयोजित प्रतिभा सम्मावन समारोह में विभिन्न् क्षेत्रों में उत्कृ।ष्ट प्रतिभाओं को सम्मांनित करने के साथ समारोह को सम्बोंधित करेंगे। देवनानी हनुमानगढ के नोहर के सिंधी बाजार में रविवार 1 जून को सांय 4:00 बजे शहीद हेमू कालानी की मूर्ति का अनावरण करने के साथ ही शहीद हेमू कालानी चौक का उदघाटन कर आयोजित समारोह को सम्बो:धित भी करेंगे।

विधान सभा अध्यरक्ष सोमवार को प्रात: 11:00 बजे बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षान्तत समारोह मंक दीक्षान्त व्याख्याान देंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार देवनानी सोमवार की रात्रि में वायुयान से जयपुर लौटेंगे।

**देवनानी से एं.जी.ऑडिट द्वितीय शर्मा मिले –**

राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से शुक्रवार को राजस्थावन विधान सभा में एं.जी. ऑडिट द्वितीय रामावतार शर्मा ने शिष्टाचार मुलाकात की। देवनानी को शर्मा ने राज्यन के विभिन्नन विभागों के एं.जी ऑडिट के बारे में जानकारी दी।

**देवनानी से राजकीय विद्यालय के विद्यार्थी मिले –**

राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से शुक्रवार को राजस्थानन विधान सभा में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय विद्याधर नगर के विद्यार्थियों ने मुलाकात की। देवनानी ने विभिन्न् परीक्षाओं में उत्तीतर्ण हुए बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दी। विधान सभा अध्यमक्ष देवनानी की पहल पर शुरू हुए विधान सभा जनदर्शन के तहत स्कू ली बच्चों ने राजस्थामन विधानसभा का राजनैतिक आख्याएन संग्रहालय, भवन और सदन देखा।

# सम्मानित करने से उत्साहवर्धन होता है - वहीद खान

## -थाना रामगंज SHO साहब का स्वागत किया



मनोहरपूर , (रॉयल पत्रिका)। रामगंज क्षेत्र के निवासियों ने हिन्द मुस्लिम एकता की मिसाल पेश की और हिन्द मुस्लिम ने मिलकर हाल ही मे शुक्रवार को आए नए थाना अधिकारी थाना रामगंज मे सुभाष यादव का मिठाई एवं साफा माला पहनाकर हिन्द मुस्लिम ने रामगंज चोपड़ पर जोरदार स्वागत किया। साथ ही सेकिंड इंचार्ज संदीप कुमार एवं दंगा नियंत्रण के हेड साहब एवं उनकी पूरी टीम का भी मिठाई साफा और माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

स्वागत कार्यक्रम के अयोज़ाक समाज सेवी बृजमोहन मल्होत्रा, वहीद खान, अजित सिंह, शिवचरण बैरवा, हाजी मुशताक अहमद, किशोर नावरिया, राजू टैपन, अब्दुल सलीम, मुकेश सेन, राजेश सेन, किशन तामितिया भारत तवर, हाजी इब्राहिम, फुरकान पठान, रोशन नावरिया काफ़ी संख्या मे गणमान्य साथी मौजूद रहे।

समाज सेवी वहीद खान ने आईबीडी यूट्यूब चैनल को बताया कि पुलिस आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर पैदा कर रही है। वहीद खान ने कहा कि पुलिस कर्तव्यनिष्ठ परिश्रमी ईमानदार व दयालु है।

वहीद खान ने कहा कि पुलिस भुखे को रोटी नंगे को कपड़ा और प्यासे को पानी पिलाती है। पुलिस द्वारा चोर नशेड़ी जेब कट्ओं आपस मे लड़ाने वालो पर लगाम लगाने से जनता को सुकून मिला है।

# जल संसाधन मंत्री ने किया उदयपुर में देवास परियोजना का निरीक्षण

## -परियोजना के तृतीय चरण के कार्यस्थलों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने शुक्रवार को देवास परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से देवास परियोजना के तीसरे और चौथे चरण के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को प्रस्तावित कार्यों को जल्द से जल्द मूर्त रूप देने के लिए निर्देशित किया।

मंत्री रावत शुक्रवार को उदयपुर में देवास परियोजना के तृतीय चरण के तहत नाथियाथल गांव में प्रस्तावित बांध निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौका मुआयना कर अधिकारियों से संपूर्ण परियोजना के संबंध में जानकारी ली। विभागीय अधिकारियों ने परियोजना के ब्ल्यू प्रिंट के आधार पर मंत्री रावत को प्रस्तावित बांध, उसकी क्षमता, प्रभावित क्षेत्र आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बांध का कैचमेंट एरिया 79.06 वर्ग किमी है तथा इसकी भराव क्षमता 70 एमसीएफटी रहेगी। 1330 क्यूबिक मीटर प्रति सेकेंड अतिरिक्त पानी की निकास क्षमता रहेगी।

मंत्री रावत ने कहा कि राजस्थान सरकार प्रदेश में जल प्रबंधन को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है। रामजल सेतु परियोजना, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना इसी की परिणिति है। उन्होंने देवास के तृतीय व चतुर्थ चरण के प्री वर्क जल्द से जल्द पूर्ण कराकर धरातल पर जल संरचनाओं का निर्माण प्रारंभ कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, समाजसेवी गजपालसिंह सहित डीबीएल एवं मेगा इंजीनियरिंग के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री ने किया था शिलान्यास**

देवास परियोजना उदयपुर शहर की पेयजल आपूर्ति और पिछोला व फतेहसागर झीलों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है। देवास परियोजना का पहला चरण 1973-74 में निर्मित हुआ था और देवास द्वितीय परियोजना 2011 में शुरू हुई थी, जिसमें आकोदड़ा बांध का निर्माण शामिल था। देवास तृतीय और चतुर्थ परियोजना का शिलान्यास 1 मार्च 2024 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा किया गया था। इस परियोजना में 1690 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से दो नए बांधों (नाथियाथाल गांव के पास देवास तृतीय और



अंबावा गांव में देवास चतुर्थ) और सुरंगों का निर्माण शामिल है, जिनका लक्ष्य उदयपुर की झीलों में लगभग 1000 मिलियन घन फीट पानी पहुंचाना है।


## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

**बिजली फॉल्ट के लिए**

| | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |

**कचरा गाड़ी के लिए**

| | |
|---|---|
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हैरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |

**पुलिस की मदद के लिए**

| | |
|---|---|
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

**पानी के लिए**

| | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |

**मेडिकल इमरजेंसी के लिए**

| | |
|---|---|
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |

**घायल पशुओं के लिए**

| | |
|---|---|
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर वतन फाउंडेशन द्वारा किया गया पत्रकारों का सम्मान

## -सशक्त एवं प्रगतिशील समाज में मीडिया की भूमिका पर हुआ मंथन




सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। हिन्दी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सूचना केंद्र में वतन फाउंडेशन की ओर से जिले के पत्रकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वतन फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर पत्रकारिता की वर्तमान दशा-दिशा, चुनौतियाँ और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को लेकर सार्थक मंथन हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत वतन फाउंडेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश सिसोदिया ने स्वागत उद्बोधन के साथ की। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुसैन आर्मी ने हिन्दी पत्रकारिता की गौरवशाली परंपरा और उसकी सामाजिक भूमिका को रेखांकित किया। इस अवसर पर जिला पत्रकार विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज बंशी ने पंडित युगल किशोर शुक्ल द्वारा 1826 में प्रकाशित 'उदन्त मार्तण्ड' का स्मरण कराते हुए हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्षों के समृद्ध और गरिमामयी सफर को नमन किया।

मुख्य वक्ता के रूप में दैनिक भास्कर के ब्यूरो चीफ सुखदेव डागुर ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका केवल सूचनाओं के आदान-प्रदान तक सीमित नहीं है, बल्कि वह जनचेतना को जागृत करने और नागरिक अधिकारों की रक्षा करने का माध्यम भी है। न्यूज 18 के प्रभारी गिरिराज शर्मा ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। पत्रकारिता की भाषा पर विशेष जोर देते हुए एन डी टीवी के बजरंग सिंह राजावत ने कहा कि भाषा सरल, सहज और जनसामान्य के बोधगम्य होनी चाहिए। रचनात्मक पत्रकारिता ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन की आधारशिला रख सकती है। सहायक जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र कुमार मीना ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि प्रशासन और मीडिया का संबंध संवाद एवं विश्वास पर आधारित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसंपर्क विभाग सदैव पत्रकारों के सहयोग, संवाद और सूचना के आदान-प्रदान के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि पत्रकार केवल सूचना वाहक नहीं हैं, बल्कि वे समाज के पथप्रदर्शक हैं। उन्होंने उपस्थित पत्रकारों से आग्रह किया कि डिजिटल रफ्तार के साथ-साथ विवेक, नैतिकता और उत्तरदायित्व का निर्वहन करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। आईएफडब्ल्यूजे जिला अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार एवं वतन फाउंडेशन के संरक्षक राजेश शर्मा ने कहा कि पत्रकारिता के इस ऐतिहासिक सफर में कई चुनौतियाँ आईं, लेकिन हिन्दी पत्रकारिता ने हर बार उनसे पूरे साहस से सामना किया है। कार्यक्रम में पत्रकार सत्यनारायण भास्कर,राजेश गोयल,शादाब अली,राजमल जैन,सुनील जोशी,राजेंद्र जोलिया, निर्मल सैन,मुकेश जैन, अभिमन्यु सिंह, के अलावा वतन फाउंडेशन टीम के मनोज बैरवा, आशीष मेहरा, विमल पांडे,ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया ।इस मौके पर वतन फाउंडेशन टीम सदस्यों ने सभी पत्रकारों का माल्यार्पण कर सम्मान किया।

# जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

## -कैबिनेट मंत्री पशुपालन जोराराम कुमावत भी रहे मौजूद दिये आवश्यक निर्देश

पाली, (रॉयल पत्रिका)। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने आज शुक्रवार को जिला कलक्टर कार्यालय के सभागार में जनस्वाथ्य अभियांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक ली इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री पशुपालन जोराराम कुमावत भी मौजूद रहे और उन्होंने पेयजल वितरण के बारे में अपनी बात को रखा। बैठक में उन्होंने पाली जिले में ग्रामीणा और शहरी दोनो क्षेत्रों की व सभी ब्लॉक पाली, मारवाड, सोजत, बाली, सुमेरपुर, रोहट के बारे में जल उपलब्धता, वितरण, व योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर कहा कि आमजन को वर्तमान स्थिति गर्मी के मौसम में सुचारू व समयबद्व रूप से पेयजल वितरण किया जावें साथ ही जहां अवैध कनेक्शन है उन पर अभ्यिन चलाये जाकर कार्रवाई करे । बैठक में मंत्री चौधरी ने निर्देश दिये पेयजल के सुचारू और नियमित रूप वितरण के लिये प्रभावी मॉनिटरिंग, निरीक्षण करने के लिये निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने जिले में जहां पेयजल से सम्बधित समस्याये है उनका निराकरण व वहां आवश्यक प्रबन्ध व इंतजाम करने टेंकर आदि के लिये कहा। बैठक में पीएचईडी मंत्री चौधरी ने कहा कि इस समय में आमजन को किसी भी प्रकार की समस्या न हो ऐसा हमारा प्रयास रहेगा और लोगों को निश्चित अंतराल में पेयजल




वितरण के लिये सभी आवश्यक कदम लिये जा रहे है। इस अवसर पर उन्होंने जल की विभिन्न योजनाओं जल जीवन मिशन के बारे स्वीकृत कामों, बकाया कामों, अमृत 2.0 आदि के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने पाली जिले और सुमेरपुर क्षेत्र में व गांवों के बारे में बताया और समाधान के लिये आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से इसके बारे में जानकारी ली और आमजन को किसी प्रकार की तकलीफ ना हो इसके लिये निर्देश दिये। इस अवसर पर मारवाड विधायक केसाराम चौधरी ने मारवाड क्षेत्र के बारे मां जानकारी दी साथ ही पाली के पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा ने भी अपनी बात रखी। इस अवसर पर जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने जिले की वर्तमान स्थिति विभिन्न इंतजामों, निरीक्षण व कार्रवाई योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में इस अवसर अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलींग अश्विनी के पंवार, जिला परिषद सीईओ मुकेश चौधरी, एसडीएम पाली विमलेन्द्र सिंह, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, चीफ इंजीनियर प्रोजेक्ट पीएचईडी जोधपुर देवराज सोंलकी, एडिशनल चीफ इंजीनियर प्रोजेक्ट पीएचईडी जोधपुर दिनेश एन, एसई पीएचईडी पाली मनीष माथुर, विभिन्न ब्लॉक के एक्सईन, एईन सभी अन्य संबधित विभागों बिजली, भूजल विभाग के अधिकारी कार्मिक, सुनील भंडारी, पुखराज पटेल, तिलोकराम आदि मौजूद रहे।

# नमाज ए ईदुल अजहा को लेकर बैठक आयोजित

## -जालोरी गेट ईदगाह में सबुह 8 बजे होगी नमाज



जोधपुर, (रॉयल पत्रिका)। नमाज-ए-ईदेन कमेटी ईदगाह, जालोरी गेट के प्रवक्ता साजिद खान ने बताया कि एक बैठक जालोरी गेट ईदगाह में समाजसेवी व शिक्षाविद् मोहम्मद फारूक की सरपरस्ती में आयोजित हुई।

सचिव एडवोकेट तस्लीम अब्बासी ने बताया कि मुस्लिम समाज द्वारा पढ़ी जाने वाली ईदुल अजहा की नमाज की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित हुई जिसमें मुफ्ती शेर मोहम्मद जी से मशवरा कर जालोरी गेट ईदगाह में सुबह 8 बजे नमाज अदा करने की सहमति बनी । प्रवक्ता साजिद खान जोधाणा ओर मोहम्मद युसूफ ने बताया कि ईद की नमाज मुफ्ती हुसैन अशरफी अदा करवाएंगे। ईद की नमाज ईदगाह में हो इसको लेकर बहुत ही बड़ी-बड़ी फजीलते हैं इसीलिए जोधपुर सहित पूरे विश्व में ईदगाह के खुले मैदान में ही यह नमाज अदा होती है इसकी तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां बांटी गई हैं।

इस बैठक में एडवोकेट तस्लीम अब्बासी, सिराजुद्दीन सैफी, मोहम्मद फारूक, साजिद खान जोधाणा, मोहम्मद यूसुफ, इब्राहिम खान, मोहम्मद वसीम, शेर मोहम्मद, जाकिर लोदी, इरफान शेफी, शाहिद खान आदि उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन शील्ड का अभ्यास शनिवार को, फिर एक साथ बजेंगे जिले के सभी सायरन

## -ब्लैकआउट अभ्यास के दौरान सायरन सुनते ही बंद करें घरों की लाइटें




हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिका)। जिले में आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से शनिवार को सांय 5 बजे "ऑपरेशन शील्ड" नामक द्वितीय सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इस अभ्यास में भारतीय वायुसेना, सिविल डिफेंस विभाग, पुलिस, चिकित्सा, फायर ब्रिगेड सहित कई विभाग सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। शुक्रवार को राज्य के मुख्य सचिव सुधांशु पंत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस अभियान के निर्देश दिए, जबकि जिला कलेक्टर काना राम ने जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की।

जिला कलेक्टर काना राम ने बताया कि जिले के सभी सायरन एक साथ बजेंगे और मॉकड्रिल जिले के अलग-अलग दो-तीन स्थानों पर आयोजित की जाएगी, जहां विभागों की प्रतिक्रिया और प्रभावशीलता देखी जाएगी। पिछली मॉकड्रिल की कमियों को दूर करते हुए इस बार का अभ्यास अधिक सटीक व प्रभावी बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। आमजन घबराए नहीं और प्रशासन का सहयोग करें। चिन्हित क्षेत्रों में आपात सेवाओं को छोड़कर 15 मिनट का पूर्ण ब्लैकआउट भी किया जाएगा। ब्लैकआउट अभ्यास के दौरान सायरन सुनते ही घरों की लाइटें बंद कर दे।

अभ्यास के तहत सिविल डिफेंस, स्वयंसेवक, एनसीसी, एनएसएस, एनवाईकेएस, स्काउट्स व गाइड्स के युवा स्वयंसेवकों की भागीदारी होगी। दुश्मन के संभावित हवाई हमलों जैसे ड्रोन, मिसाइल और विमान के हमलों पर प्रतिक्रिया दी जाएगी। साथ ही, वायुसेना और जिला नियंत्रण कक्षों के बीच हॉटलाइन व्यवस्था और एयर रेड सायरनों की प्रणाली की प्रभावशीलता का परीक्षण किया जाएगा।

प्रशिक्षण में वास्तविक आपदा जैसी स्थिति का अनुकरण करते हुए, सैन्य क्षेत्र में दुश्मन ड्रोन हमले की स्थिति, घायलों की निकासी, मेडिकल टीमों की तैनाती, और रक्त की व्यवस्था का अभ्यास किया जाएगा। 20 घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने, 30 यूनिट रक्त संग्रह और सीमावर्ती क्षेत्रों में गृह रक्षकों की सेना के साथ त्वरित तैनाती की भी योजना है। पिछली मॉक ड्रिल में सामने आई खामियों को दूर करते हुए इस बार विभागों के रिस्पॉन्स टाइम को बेहतर बनाने पर जोर रहेगा।

पुलिस अधीक्षक हरि शंकर ने नागरिकों से अपील की कि वे इस अभ्यास के दौरान घबराएं नहीं, यह केवल एक पूर्वाभ्यास है। सायरन सुनकर किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें, भीड़ ना जुटाए और सहयोग करें। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एक मोबाइल एप भी विकसित किया गया है, जो अधिकारियों को सायरन का लाइव अलर्ट देगा। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य सभी विभागों के बीच समन्वय, बचाव उपकरणों की उपलब्धता, ब्लैकआउट की सफलता, और आपातकालीन तैयारियों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना है।

# पर्यावरण जागरूकता सप्ताह का आयोजन

## इंटर स्कूल प्रतियोगिता में छात्रों ने रचनात्मकत्ता से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेष



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में इस वर्ष की पर्यावरण दिवस थीम प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना है। क्षेत्रीय अधिकरी बलजीत मीणा ने बताया की पर्यायवरण दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियत्रण मण्डल, सवाई माधोपुर के द्वारा पर्यावरण जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा शुक्रवार को रणथम्भौर रोड पर स्थित फतेह पब्लिक स्कूल में इंटर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सवाई माधोपुर के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी रचनात्मकत्ता एवं जागरूकता का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण विषय पर चित्रकला, क्विज, निबन्ध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी जिनमें प्रतिभागियों ने प्रकृति के महत्व, प्रदूषण नियंत्रण, जल सरक्षण, वृक्षारोपण और सिगल यूज प्लास्टिक के विकल्प जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी पर्यावरणीय समझ उजागर की। कार्यक्रम में बच्चों ने पर्यावरण जागरूकता को लेकर मनमोहक संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों दी, जिनके माध्यम से उन्होंने प्रकृति संरक्षण का सदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन पर विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों एवं स्टाफ को कपड़े के थैले तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक करने वाली बुकलेट का वितरण किया गया और पॉलिथीन के उपयोग से बचने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय संचालक रूपिंदर कौर एवं क्षेत्रीय अधिकारी बलजीत मीणा द्वारा विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु दैनिक जीवन में अपनाये जा सकने वाले घरेलू उपायों, वृक्षारोपण तथा सिगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर कार्यालय से कनिष्ठ पर्यावरण अभियता राजकुमार गुर्जर एवं धर्मराज मीणा, कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. अंजली उपाध्याय एवं आकांक्षा शर्मा तथा सहायक लेखाधिकारी रविन्द्र कुमार मनोहरिया सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गाँव-गाँव पहुंच रहा "विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025"

## -किसानों को दी जा रही आधुनिक तकनीकों व सरकारी योजनाओं की जानकारी

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 विजन को साकार करने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा चलाया जा रहा "विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025" का अब धरातल पर असर दिख रहा है। इसी क्रम में सवाई माधोपुर ज़िले के विभिन्न गाँवों में किसानों को सशक्त बनाने और उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ने हेतु विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।



अभियान के दूसरे दिन कृषि विज्ञान केंद्र, सवाई माधोपुर की अगुवाई में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों और विभागीय अधिकारियों की टीम ने ग्राम सीणोली, बन्धा और भगवतगढ़ में किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. भरत लाल मीना, सहायक निदेशक कृषि कमल किशोर पहाड़िया, इफको के उप क्षेत्र प्रबंधक मनोज कुमार मीना, आत्मा परियोजना के उप निदेशक डॉ. अनुपम गोयल एवं नेतराम मीना ने किसानों से संवाद किया और उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र की दूसरी टीम जिसमें बागवानी वैज्ञानिक डॉ. सुरेश बैरवा, गृह विज्ञान विशेषज्ञ चमनदीप कौर, तथा कृषि विभाग के अधिकारी दीपक कुमार मीना, राम जीत मीना, मीया राम मीना, गिरिराज कोठारी, धरती राम मीना एवं विक्रम गुर्जर शामिल ने जौला, कावड़ और डेकवा गाँवों में जागरूकता शिविर आयोजित किए।

शिविरों के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक खेती, मृदा परीक्षण, जैविक खाद एवं कीटनाशकों के उपयोग, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण तकनीकों एवं केंद्र/राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, आत्मा योजना और कृषि यंत्रीकरण से लाभ उठाने की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्रों में डिजिटल माध्यमों का भी उपयोग किया गया जिससे किसानों को कृषि संबंधित मोबाइल एप्लिकेशन, वेब पोर्टल और मौसम पूर्वानुमान सेवाओं के उपयोग की जानकारी दी गई ताकि वे तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

कृषि विज्ञान केंद्र, सवाई माधोपुर, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, डॉ. भँवर ढाका ने बताया कि इस अभियान के तहत शनिवार 31 मई को ग्राम लोरवाड़ा, बनोटा, नींदड़दा, बिणजारी, भेडोला व चौथ का बरवाड़ा में विकसित कृषि संकल्प अभियान के शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी किसानों से आह्वान किया कि वे इस अभियान का हिस्सा बनें और उन्नत भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

# जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक में कई मुद्दों पर की चर्चा



बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक शुक्रवार को जिला प्रमुख श्रीमती उर्मिला जैन भाया की अध्यक्षता में जिला परिषद के जन सुविधा केन्द्र सभागार में आयोजित हुई। बैठक में पेयजल आपूर्ति, मौसमी बीमारियों, जिले में सड़कों के सुद्दढीकरण, विद्त व्यवस्था सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

जिला प्रमुख श्रीमती भाया ने साधारण सभा की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के दौर में जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। खराब हैंडपंपों की त्वरितता से मरम्मत करने के साथ टैंकरों से पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति की जाए साथ ही इन पर प्रभावी मॉनिटरिंग भी रहें। जिससे आमजन और मवेशियों को सहजता से पीने का पानी मिल सके। उन्होंने कहा कि बैठक में सदस्यों द्वारा उठाई गई पेयजल संबंधी समस्याओं का शीघ्रता से निराकरण कर आमजन को त्वरित राहत पहुंचाई जानी चाहिए।

जिला प्रमुख ने कहा कि जिले में सड़कों के पेचवर्क व सुद्दढीकरण के कार्य शीघ्रता से पूर्ण किए जाने चाहिए। साथ ही स्वीकृत हेण्डपम्प के कार्य, उच्च जलाशय के कार्य सुचारू पेयजल एवं विद्त आपूर्ति भी सुनिश्चित करें, जिससे आमजन को असुविधा ना हो। मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता के साथ फोगिंग व एंटी लार्वा गतिविधियों को संचालित किया जाना चाहिए। इससे पूर्व बैठक में बारां प्रधान मोरपाल सुमन ने हीकड़ सहित अन्य गांवों में पेयजल संबंधी समस्या तथा स्वीकृत 12 सड़क मार्गों का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। वहीं अन्य सदस्यों ने भी पेयजल सहित क्षेत्रीय समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाते हुए उनका शीघ्र निराकरण करने का आग्रह किया। खांखरा गांव में श्मशान नहीं होने की समस्या पर बैठक में एडीएम दिवांशु शर्मा ने कहा कि जिन गांवों में श्मशान नहीं है वहां इसके लिए भूमि उपलब्ध होने पर इसका प्रस्ताव जिला प्रशासन को भिजवाया जाएं जिससे शीघ्र ही भूमि का आवंटन किया जा सके। बैठक में छबड़ा के ग्रामीण क्षेत्रों, बूंदी बिजौरा, फूंदाजी की टापरियां, दीलोद सहित अनेक गांवों में पेयजल की समस्या होने की बात रखी गई। वहीं कोयला, मिर्जापुर आदि गांवों में चिकित्सक व मेडिकल स्टाफ नियुक्त किए जाने की आवश्यकता जताई।

बैठक में पीएचईडी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना के जिले में हुए कार्यों का विवरण प्रस्तुत करते हुए स्वीकृत हैण्डपम्प के कार्य, पेयजल परियोजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया गया। जेवीवीएनएल के अधिकारियों को विद्त के झूलते तारों को व्यवस्थित करने, समय पर ट्रांसफार्मर बदलने, किसानों के दिन में विद्त आपूर्ति करने, ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू आपूर्ति करने एवं ट्रिपिंग की समस्या का समाधान करने संबंधी निर्देश प्रदान किए गए।

# जैविभा विश्वविद्यालय के कुलपति ने वरिष्ठ पत्रकार जगदीश यायावर का सम्मान किया

लाडनूं,(रॉयल पत्रिका)। जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ ने कहा है कि पत्रकारिता अपने आप में जोखिम भरा दुर्गम पथ है, जिस पर सुदीर्घ काल तक सफलता पूर्वक चलना एक उपलब्धि होता है। अपने काम के प्रति समर्पित रहने के साथ सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करने से ही व्यक्ति आगे बढ सकता है। कुलपति ने हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के जनसम्पर्क अधिकारी पद पर कार्यरत वरिष्ठ पत्रकार जगदीश यायावर को जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की राजस्थान ईकाई का प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लम्बे समय से हिंदी पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय रहे यायावर जहां लेखनी के धनी हैं, वहीं सामाजिक सरोकारों से भी निरन्तर जुड़े रह कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहे हैं।



पत्रकारिता का मार्ग कंटकाकीर्ण होता है, इस पर सुदीर्घकाल तक सफलता पूर्वक सफर करना महत्व रखता है। यायावर ने इसे पूरी सफलता से निभाया है और अपने दामन को कभी आंच नहीं आने दी। यायावर ने इस सम्मान के लिए उनका आभार जताया। इस अवसर पर यायावर को दूरस्थ एवं ओनलाइन शिक्षा निदेशक प्रो. आनंद प्रकाश त्रिपाठी, सहायक रजिस्ट्रार दीपाराम खोजा पंकज भटनागर, शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीएल जैन, आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रविन्द्र सिंह राठौड़, वित्ताधिकारी राकेश कुमार जैन, अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. रेखा तिवाड़ी, प्राकृत एवं संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जिनेन्द्र जैन, राजस्थानी भाषा एवं साहित्य केन्द्र के निदेशक प्रो. लक्ष्मीकांत व्यास, डा. प्रगति भटनागर, घासीलाल शर्मा, निरंजन सिंह सांखला, ओमप्रकाश सारण, शरद जैन आदि ने उन्हें बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रदान की हैं।

# सुरक्षा स्वयंसेवकों हेतु आवेदन की तिथि 10 जून तक बढ़ाई गई

बारां, (रॉयल पत्रिका)। नागरिक सुरक्षा संगठन के तहत जिले में नए सुरक्षा स्वयंसेवकों की नियुक्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया गया है। जिला कलक्टर एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि पूर्व में यह तिथि 20 मई 2025 निर्धारित की गई थी, लेकिन अपेक्षित संख्या में आवेदन नहीं मिलने के कारण अब इसे बढ़ाकर 10 जून 2025 कर दिया गया है।

जिला कलक्टर तोमर ने बताया कि तहसील और उपखंड स्तर पर नागरिक सुरक्षा के लिए नए स्वयंसेवकों का चयन किया जाना है। इसके लिए इच्छुक नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं, जो अब 10 जून तक संबंधित उपखंड कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि शेष आदेश व चयन प्रक्रिया पहले की तरह ही लागू रहेगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर नागरिक सुरक्षा की इस सेवा में भागीदार बनें।

# मलाबार समूह ने 2025-26 में अपनी सीएसआर पहलों के लिए आवंटित किए 150 करोड़ रुपये

**वर्ल्ड हंगर डे पर भारत और जाम्बिया में प्रतिदिन 70 हजार भोजन वितरित करने की प्रतिबद्धता, 2025-26 में 'हंगर फ्री वर्ल्ड' पहल के तहत कुल 2.50 करोड़ भोजन**




**दिल्ली, एजेंसी।** भारत के अग्रणी व्यापारिक समूह एवं मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की मूल कंपनी मलाबार समूह ने 2025-26 में अपनी सीएसआर पहलों को आगे बढ़ाने के लिए 150 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं. ये पहलें स्वास्थ्य, शिक्षा, भूख एवं गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और वंचितों के लिए आवास पर केंद्रित हैं. समूह ने अपनी प्रमुख सीएसआर पहल 'हंगर फ्री वर्ल्ड' के तहत भारत और जाम्बिया में वंचितों को प्रतिदिन 70 हजार भोजन वितरित करने की प्रतिबद्धता जताई है. इस तरह 2025-26 में में कुल 2.50 करोड़ भोजन बांटे जाएंगे. यह पिछले 3 सालों में बांटे गए 2.5 करोड़ भोजन की अब तक की पूरी उपलब्धि से एक बड़ी छलांग है. यह खाद्य सुरक्षा के लिए समूह की ठोस प्रतिबद्धता के बारे में भी बताता है. यह पहल संयुक्त राष्ट्र के सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल 2- जीरो हंगर के अनुरूप है.

नीति आयोग के पूर्व सीईओ एवं जी-20 शेरपा डॉ. अमिताभ कांत ने नई दिल्ली के जनपथ स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में 28 मई 2025 को आयोजित एक कार्यक्रम में समूह के सीएसआर कार्यक्रमों के अगले चरण का शुभारंभ किया. 28 मई को ही वर्ल्ड हंगर डे मनाया जाता है. इस कार्यक्रम में मौजूद अन्य गणमान्य व्यक्तियों में मलाबार समूह के चेयरमैन एम.पी. अहमद, मलाबार समूह के वाइस चेयरमैन के.पी. अब्दुल सलाम और मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के भारतीय परिचालन के मैनेजिंग डायरेक्टर ओ. अशर शामिल थे. मलाबार समूह के चेयरमैन एम.पी. अहमद ने इस पहल के बारे में कहा, ''मलाबार समूह में सीएसआर हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और हम समाज को वापस देने में विश्वास करते हैं. हम 28 मई को अपने वार्षिक सीएसआर दिवस के रूप में समर्पित करते हैं. हम निरंतर और प्रभावशाली कदमों के माध्यम से वंचितों के साथ खड़े होने की अपनी प्रतिज्ञा को दोहराते हैं. हमारी सीएसआर पहल उस स्थायी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब हैं. हम अपना सर्वश्रेष्ठ कर रहे हैं. अगर अन्य संगठन इस मिशन में शामिल हों तो इसका प्रभाव बढ़ सकता है. संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 29.5 करोड़ लोग 'अक्यूट हंगर' से जूझ रहे हैं, इसलिए तत्काल कदम उठाना जरूरी है. यही जरूरत हमारी भोजन बांटने की पहल के लिए प्रेरणा का काम करती है. इसके साथ ही, भोजन वितरण के अलावा उत्पादन को बढ़ावा देने, रोजगार का सृजन करने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है, ताकि स्थायी बदलाव लाया जा सके.''

हंगर फ्री वर्ल्ड परियोजना के तहत अभी भारत और जाम्बिया में हर रोज 70 हजार भोजन के पैकेट बांटे जाते हैं. भारत में 20 राज्यों में फैले 167 केंद्रों के माध्यम से हर रोज 60 हजार से अधिक भोजन बांटे जाते हैं, जो पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं. जाम्बिया में समूह जाम्बिया सरकार के साथ सहयोग करके तीन स्कूलों में 10 हजार छात्रों को प्रतिदिन भोजन प्रदान करता है. हंगर फ्री वर्ल्ड परियोजना आधुनिक सुविधाओं से लैस अत्याधुनिक रसोईघरों से संचालित होती है, जहां प्रशिक्षित रसोइया और स्वच्छता के प्रति जागरूक कर्मचारी काम करते हैं.

## फ्लैगशिप किलर रियलमी जीटी 7 सीरीज़ का भारत में हुआ लॉन्च

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज भारत में अपनी रियलमी जीटी 7 सीरीज़ पेश की। यह लॉन्च पेरिस में इसके ग्लोबल लॉन्च के साथ किया गया है। इस सीरीज़ का मुख्य आकर्षण रियलमी जीटी 7 ड्रीम एडिशन है, जो एस्टन मार्टिन फॉर्मुला वन टीम के साथ मिलकर बनाया गया है। यह एएमएफ1 के साथ को-ब्रांडिंग वाला



पहला आधिकारिक स्मार्टफोन है। रियलमी जीटी 7 सीरीज़ में अनेक अत्याधुनिक फीचर्स और परफॉर्मेंस अपग्रेड दिए गए हैं। यह भारतीय यूज़र्स के लिए फ्लैगशिप स्मार्टफोन के अनुभव को परिभाषित करने की ओर रियलमी का अब तक का सबसे साहसी कदम है।

इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''रियलमी जीटी 7 सीरीज़ के साथ हम 2025 में फ्लैगशिप किलर की परिभाषा को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। यह केवल सर्वोच्च विशेषताओं के बारे में नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण अनुभव प्रदान करने के बारे में है, जिसमें आज के युवाओं की पसंद के अनुरूप जबरदस्त पॉवर, इंटैलिजेंस और क्राफ्ट्समैनशिप हो। एस्टन मार्टिन फॉर्मूला वन टीम के साथ मिलकर बनाए गए हमारे ड्रीम एडिशन से लेकर एआई प्लानर और आईस सेंस ग्रेफीन कूलिंग जैसे इनोवेशंस तक हमने हर पहलू में अपनी सीमाओं को बढ़ाया है। जीटी 7 सीरीज़ अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और प्रीमियम अनुभव पूरे जनसमूह तक पहुँचाने के हमारे सफर में एक साहसी कदम है, ताकि सभी लोग आसानी से शानदार परफॉर्मेंस प्राप्त कर सकें।'' अनुज सिद्धार्थ, डायरेक्टर, मार्केटिंग एवं कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस, मीडियाटेक ने कहा, ''जीटी 7 के लिए रियलमी के साथ हमारा सहयोग फ्लैगशिप इनोवेशन को भारतीय ग्राहकों तक पहुँचाने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। भारत में मीडियाटेक डायमेंसिटी 9400ई के साथ पहले स्मार्टफोन के रूप में यह लॉन्च भारत पर केंद्रित हमारे दृष्टिकोण की एक बड़ी कामयाबी है।

## श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने लॉन्च किए 2 नए स्पेशलटी प्लांट न्यूट्रिशन प्रोडक्ट्स

**खरगौन।** डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के एक प्रभाग श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने अपने नए स्पेशलटी प्लांट न्यूट्रिशन प्रोडक्ट्स का लॉन्च किया, साथ ही हाल ही में लॉन्च किए गए श्रीराम क्रॉप प्रोटेक्शन एवं सीड प्रोडक्ट्स के साथ किसानों को मिली सफलता पर भी रोशनी डाली। कार्यक्रम का आयोजन होटल द पार्क, इंदौर, मध्य प्रदेश में किया गया था, जहां क्षेत्र के चैनल पार्टनर्स इन आधुनिक समाधानों के उद्घाटन के अवसर पर इकट्ठा हुए। इतना ही नहीं, 125 से अधिक डिस्ट्रब्यूटर्स एवं व्यूअर्स ने भव्य पुरस्कार समारोह में



हिस्सा लिया, जहां विभिन्न बिज़नेस वर्टिकल्स से बेहतरीन परफोर्मेन्स देने वाले डिस्ट्रीब्यूटर्स को सम्मानित किया गया।

भारतीय किसानों की जरूरतों और स्थायी कृषि के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए कंपनी दो आधुनिक लिक्विड फर्टीलाइजर लेकर आई है– 'श्रीराम पिकासोल' और 'श्रीराम मैगनिका'। ये दोनों प्रोडक्ट एक पेटेंटेड टेक्नोलॉजी के ज़रिए बायोएक्टिव टाइटेनियम (भारत में पहली बार) के साथ विकसित किए गए हैं। टाइटेनियम पौधे को पर्यावरणी तनाव झेलने की ताकत देता है, यह पोषक तत्वों (न्यूट्रिएन्ट) के उपयोग को अधिक प्रभावी बनाकर किसानों को बेहतर रिटर्न देता है। 'श्रीराम पिकासोल' फल के रंग को गहरा और एक समान बनाने में मदद करता है, वहीं 'श्रीराम मैगनिका' फल के आकार को एक समान बनाकर इसकी शेल्फ लाईफ बढ़ाता है।

### सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने बैंगलुरू में 500 बैड्स के आधुनिक अस्पताल के डिज़ाइन एवं निर्माण के लिए

# टैंडेम हेल्थकेयर के साथ की साझेदारी



**बैंगलुरू, एजेंसी** भारत के पहले 100 फीसदी एफडीआई टर्शरी केयर अस्पताल सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने नोर्थ बैंगलुरू में दूसरे आधुनिक अस्पताल के डिज़ाइन एवं निर्माण के लिए प्रीमियर हेल्थकेयर उपलब्ध कराने वाली ईपीसी कंपनी टैंडेम हेल्थकेयर के साथ हाथ मिलाया है। 6.8 लाख वर्गफीट में फैला 500 बैड्स का यह अस्पताल अपनी तरह का अनूठा ग्रीन बायोफिलिक अस्पताल होगा, जहां गार्डन लाउंज, ग्रीन बालकोनी, अराइवल कैनोपी और आकर्षक लेक व्यू मरीज़ों को प्राकृतिक माहौल में उपचार का अनूठा अनुभव प्रदान करेंगे। उम्मीद है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अस्पताल का संचालन 30 महीनों में शुरू हो जाएगा।

रु 1000 करोड़ की यह ऐतिहासिक परियोजना, सेकोम मेडिकल सिस्टम एवं टोयोटा सुशो के सहयोग से जापानी इनोवेशन और टेक्नोलॉजी से पावर्ड विश्वस्तरीय स्वास्थ्यसेवाएं उपलब्ध कराने के सकरा के मिशन में एक बड़ी उपलब्धि होगी। इस नई युनिट में ग्राउण्ड के अलावा 9 मंज़िलें होंगी, इंडो-जापानी आर्कीटेक्चर से बना इसका डिज़ाइन परम्परा और आधुनिकता का संयोजन होगा।

बैंगलुरू में इस विश्वस्तरीय अस्पताल के निर्माण के लिए टैंडेम हेल्थकेयर के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।' श्री युइची नागानो, मैनेजिंग डायरेक्टर, सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने कहा। ''यह साझेदारी जापानी सटीकता एवं टैंडेम हेल्थकेयर की विशेषज्ञता के साथ चिकित्सकीय उत्कृष्टता एवं मरीज़ों की देखभाल में नए मानक स्थापित करेगी।'

आलोक शर्मा, संस्थापक एवं निदेशक, टैंडेम हेल्थकेयर ने कहा, ''टैंडेम का मानना है कि स्वास्थ्यसुविधाएं ऐसी होनी चाहिए जो केवल फंक्शनेलिटी के दायरे से बढ़कर भरोसे एवं उपचार को सुनिश्चित करें। सकरा के साथ यह साझेदारी न सिर्फ अस्पताल बल्कि ऐसी समग्र चिकित्सा प्रणाली के निर्माण की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ स्थायित्व एवं मरीज़ों के अनुकूल डिज़ाइन का संयोजन हो।''

''इस अत्याधुनिक अस्पताल के निर्माण एवं डिज़ाइन के लिए सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।'' आज़म खान, डायरेक्टर एवं सीईओ, टैंडेम हेल्थकेयर प्रा. लिमिटेड ने कहा। ''जापानी बगीचों से प्रेरित यह ग्रीन बायोफिलिक डिज़ाइन सस्टेनेबिलिटी, आधुनिक टेक्नोलॉजी एवं मरीज़ों के अनुकूल सुविधाओं के साथ उपचार का अनुकूल वातावरण प्रदान करेगा। यह दृष्टिकोण मरीज़ों का तनाव कम कर उनके कल्याण को सुनिश्चित करेगा, जिससे उन्हें किसी भी उपचार प्रक्रिया के बाद जल्द ठीक होने में मदद मिलेगी। इस तरह मरीज़ स्वास्थ्यसेवाओं का बेजोड़ अनुभव पा सकेंगे।

## कैंटाबिल ने होशंगाबाद नर्मदापुरम में अपने नए फ़ैमिली वियर स्टोर का उद्घाटन किया

- **नए स्टोर में पुरुषोंए महिलाओं और बच्चों के कपड़ों के साथ.साथ एक्सेसरीज की विस्तृत रेंज**

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के अग्रणी परिधान निर्माता और खुदरा विक्रेताओं में से एकए कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने होशंगाबाद में अपना नया खुदरा स्टोर खोलने की घोषणा की है। 2542 वर्गफीट क्षेत्र में फैला यह ब्रांड स्टोर मीनाक्षी चौक नर्मदापुरम ;मध्य प्रदेशद्ध में एसबीआई बैंक के सामने स्थित हैए जो कैंटाबिल की विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पुरुषोंए महिलाओं और बच्चों के कपड़ों के साथ.साथ एक्सेसरीज के लिए फॉर्मल.वियरए कैजुअल और पार्टी.वियर कपड़ों का व्यापक चयन प्रदान करने के लिए समर्पित कैंटाबिल ने खुदरा अनुभव को फिर से परिभाषित किया है। कैंटाबिल ने देश भर में 600 स्टोर खोलकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की हैए जिससे फैशन उद्योग में एक अग्रणी कम्पनी के रूप में उसकी स्थिति मजबूत हुई है। इस रोमांचक लॉन्च पर टिप्पणी करते हुएए कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक श्री दीपक बंसल ने उत्साहपूर्वक कहा. हम होशंगाबाद में अपना नया फैमिली वियर स्टोर शुरू करते हुए बेहद रोमांचित हैं। कैंटाबिल ने मिड.प्रीमियम सेगमेंट में अपने ग्राहकों से अपार प्रशंसा प्राप्त की है। हमारा नया स्टोर पुरुषोंए महिलाओं और बच्चों के लिए फैशन.फॉरवर्ड परिधानों का ट्रेंडी संग्रह प्रदर्शित करेगा।

## यूवा ने पेश की दो नई स्टाइलिश पेंसिलें - रिट्ज़ और ड्रीमी

**भोपाल।** नवनीत एज्युकेशन के स्टेशनरी ब्रांड यूवा ने अपनी नई रंगीन पेंसिल रेंज - यूवा रिट्ज़ और यूवा ड्रीमी लॉन्च की है। पर्सनैलिटी, काम की उपयोगिता के अनुसार आसान डिज़ाइन और किफायती कीमत - इन तीनों को मिलाकर तैयार की गई यह सीरीज़ छात्रों, क्रिएटर्स और स्टाइल के साथ लिखने वालों के लिए एक नया पसंदीदा विकल्प बनने जा रही है। रोज़मर्रा के लेखन और ड्रॉइंग के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सोच-समझकर डिज़ाइन की गई रिट्ज़ और ड्रीमी पेंसिलें अल्ट्रा-डार्क 2क्क लीड के साथ आती हैं, जो स्मूद और बोल्ड स्ट्रोक्स देती हैं। हर पैक में एक फ्री शार्पनर और इरेज़र शामिल है, जिससे यह एक कम्प्लीट स्टेशनरी सेट बन जाता है। प्रीमियम मेटैलिक फिनिश वाली पैकेजिंग और आरामदायक हेक्सागोनल ग्रिप के साथ ये पेंसिलें देखने में जितनी आकर्षक हैं, हाथ में पकड़ने पर उतनी ही शानदार लगती हैं – उपयोगिता और स्टाइल का यह परफेक्ट कॉम्बिनेशन है। रिट्ज़ और ड्रीमी का हर पैक 10 पेंसिलों के साथ आता है, जो रचनात्मकता और व्यक्तिगत स्टाइल को दर्शाने के लिए खासतौर पर डिज़ाइन की गई हैं। रिट्ज़ में मैट ब्लैक फिनिश के साथ तीन अलग-अलग रंगीन पैटर्न दिए गए हैं, जो उन लोगों के लिए परफेक्ट हैं जिन्हें हल्के से बोल्ड लुक के साथ रंगों का तड़का पसंद है।

# लिम्का ने पार किया 2800 करोड़ रूपए का आंकड़ा कोका-कोला इंडिया की ग्रोथ को दी नयी रफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** ःकोका-कोला इंडिया के लोकप्रिय देशी पेयलिम्काने वर्ष 2024 में 2800 करोड़ रुपयेका आंकड़ा पार कर लिया है। भारतभर में दमदार प्रदर्शन के साथ इसनेलेमन-लाइम कैटेगरीको नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। लिम्का पिछलेपांच दशकोंसे गर्मियों में ताजगी का पर्याय बना हुआ है - इसके बादलों जैसे बुलबुले और अनोखेलाइम-एन-लेमनी स्वादने इसे हर उम्र के लोगों की पसंद बना दिया है।




1971 में शुरू हुई लिम्का ने कंपनी के स्पार्कलिंग पोर्टफोलियो को लगातार मजबूत किया है।शहरी और ग्रामीण, दोनों बाजारों में इसकी मांग तेजी से बढ़ रही है। आज यह ब्रांडदिल्ली, पंजाब और हरियाणाजैसे प्रमुख राज्यों मेंदहाई अंकों की वृद्धिदर्ज कर रहा है और पारंपरिक व्यापार के साथ-साथनए खुदरा प्रारूपोंमें भी अपना हिस्सा बढ़ा रहा है।

लिम्का की इस स्थायी सफलता के पीछे इसकेरचनात्मक और आधुनिक ब्रांड अभियानहैं, जो इसकी विरासत को बनाए रखते हुए इसे आज के उपभोक्ताओं के बीच भी प्रासंगिक बनाए रखते हैं। वर्ष 2025 में लिम्का नेतृप्ति डिमरीके साथ नया कैम्पेन लॉन्च किया, जिसने ताजगी को एक नए अंदाज में पेश किया। यह अभियान उपभोक्ताओं को लिम्का के खास पलों कीनई ऊर्जा और ताजगीका दोबारा अनुभव करने के लिए प्रेरित करता है - जो एहसास सिर्फ लिम्का ही दे सकता है। डेवलपिंग मार्केट्स, कोका-कोला इंडिया एंड साउथवेस्ट एशिया में फ्रैंचाइज़ ऑपरेशंस के वाइस प्रेसिडेंट विनय नायर ने कहा,हमारा उद्देश्य हमेशा से ऐसे ब्रांड बनाना रहा है जो सिर्फ एक उत्पाद नहीं, बल्कि लोगों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी और उनकी साझा यादों का हिस्सा बनें।

## टेरा मोटर्स ने भारत में अपना नया इलेक्ट्रिक ऑटो क्योरो + लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** जापानी ओईएम कंपनी टेरा मोटर्स ने शहरी परिवहन की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भारत में अपना नया इलेक्ट्रिक ऑटो क्योरो + लॉन्च किया है। द ललित, नई दिल्ली में आयोजित लॉन्च कार्यक्रम में उद्योग जगत के अग्रणी लोग और नीति निर्माता शामिल हुए, जिनमें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहज़ाद पूनावाला भी उपस्थित थे। यह ई-मोबिलिटी को लेकर देश में बढ़ती गति और रुचि को दर्शाता है।

टेरा मोटर्स अब तक भारत में एक लाख से अधिक इलेक्ट्रिक रिक्शा बेच चुकी है, और इस नए मॉडल के साथ कंपनी का लक्ष्य इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर बाज़ार का 5-8त्न हिस्सा प्राप्त करना है। कंपनी देशभर में 100 डीलरशिप खोलने और 2025 के अंत तक मासिक उत्पादन क्षमता को 5,000 यूनिट तक बढ़ाने की योजना बना रही है। क्योरो + को अधिक सुलभ बनाने के लिए, कंपनी ज़ीरो डाउन पेमेंट और पहले तीन सर्विस मुफ्त में दे रही है।

# वेक्सफेब एन्टरप्राईझ लि. की एफवाय2024-25 में टोटल इनकम रू. 59.38 करोड रही

- टोटल ईन्कम 143 प्रतिशत बढ़कर 3.23 करोड़ रुपये हो गई
- गत साल की तुलना में 540 प्रतिशत की वृद्धी दर्ज की गई

**वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में नेट प्रोफिट 190 प्रतिशत बढ़कर 1.78 करोड़ रुपये हो गया**

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद स्थित वेक्सफेब एन्टरप्राईज लिमिटेड मार्च 2025 में समाप्त हुए एफवाय2024-25 के दौरान टोटल रू. 59.38 करोड की ईन्कम हुई थी। जो पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान हुई कुल 9.28 करोड़ रुपये की ईन्कम के सामने वाय-ओ-वाय 540 प्रतिशत का ग्रोथ दर्शाती है। एफवाय 2024-25 के लीए कंपनी का नेट प्रोफिट रू. 58.42 लाख हुआ था। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष इसी अवधि में कंपनी को 3.57 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

क्यू4 एफवाय 2024-25 में कंपनी ने रू. 3.23 करोड की टोटल ईन्कम दर्ज की थी। जो गत वर्ष समान अवधि में हुई टोटल ईन्कम से 143 प्रतिशत ज्यादा है। गत साल कंपनी ने रू. 1.33 करोड की टोटल ईन्कम दर्ज की थी। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में कंपनी ने 1.78 करोड़ रुपये का नेट प्रोफिट दर्ज किया था। यह पिछले साल की समान अवधि के 61.4 लाख रुपये के नेट प्रोफिट से वायओवाय आधार पर 190 प्रतिशत अधिक है। कंपनी का प्रति शेयर ईपीएस 2.126 रुपये रहा। 1983 में स्थापित, वैक्सफैब एंटरप्राइजेज लिमिटेड कृषि उत्पादों के व्यापार के व्यवसाय में है और क्लोथिंग और टेक्सटाईल व्यापार में विविधता लाने का प्रस्ताव करता है। इन सभी वर्टिकल को एक ही कॉर्पोरेट एन्टीटी के अंतर्गत रखा जाएगा।

इससे हमें अपने नए सेगमेन्ट में विभाजित करने में मदद मिलेगी जो बदले में हमें विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ग्राहकों को सर्विस प्रोवाईड करने में मदद करेंगे। कंपनी का व्यवसाय दो अलग-अलग व्यावसायिक वर्टिकल में विभाजित है, जिनमें शामिल हैं– ए) कृषि; बी) क्लोथिंग और टेक्सटाईल वर्टिकल।

## ट्रांसस्टेडिया यूनिवर्सिटी अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने के लिए तैयार

**अहमदाबाद।** नए आइडियाज, इंडस्ट्री से जुड़ाव और प्रैक्टिकल पढ़ाई के मूल सिद्धांतों पर आधारित, ट्रांसस्टेडिया यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक वर्ष 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। अनुभवात्मक शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ, जो छात्रों को एक सुरक्षित और संतोषजनक भविष्य की ओर ले जाती है, ट्रांसस्टेडिया यूनिवर्सिटी भविष्य के लीडर्स, क्रिएटर्स और थिंकर्स को तैयार कर रही है। परंपरागत विश्वविद्यालयों से अलग, ट्रांसस्टेडिया यूनिवर्सिटी की ट्रेनिंग पद्धतियाँ अनुभवात्मक शिक्षण से गहराई से जुड़ी हुई हैं। इसका पाठ्यक्रम आईबीएम, एनएसई अकादमी, आईआईटीआरएएम और बीआईएसएजी जैसे अग्रणी संस्थानों के साथ रणनीतिक साझेदारियों के ज़रिए तैयार किया गया है, जिससे छात्र वास्तविक उद्योग प्रोजेक्ट्स पर कार्य करते हैं, डोमेन-विशिष्ट वर्कशॉप्स में भाग लेते हैं और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं।

## मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स ने अपने ऑर्थोपेडिक नेतृत्व को मजबूत किया

**अहमदाबाद, एजेंसी।** मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स की फ्लैगशिप यूनिट मैरिंगो सिम्स हॉस्पिटल, अहमदाबाद में दुनिया के सबसे अनुभवी एवं प्रसिद्ध नी रिप्लेसमेन्ट सर्जनों में से एक डॉ. के. सी. मेहता का अपनी प्रतिष्ठित मेडिकल टीम में स्वागत करते हुए हमें गर्व हो रहा है। यह रणनीतिक कदम ऑर्थोपेडिक उत्कृष्टता में एक नए युग का प्रतीक है, जो मरीज को सर्वोपरि, वैश्विक रूप से बेंचमार्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स के दृष्टिकोण के साथ अभूतपूर्व इनोवेशन को जोड़ता है। डॉ. मेहता को अपने द्वारा घुटने के जोड़ को डिजाइन करने और यू.एस.ए., यू.के., ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, चीन, भारत, इंडोनेशिया और मलेशिया सहित कई देशों में दस ग्लोबल पेटेंट हासिल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित किया गया है। जॉइंट रिप्लेसमेन्ट इंडस्ट्री में एक प्रमुख मल्टीनेशनल कंपनी द्वारा किए गए विश्लेषण के अनुसार, डॉ. मेहता को क्रूसिएट-रिटेनिंग हाई-फ्लेक्स जॉइंट रिप्लेसमेन्ट सर्जरी में अग्रणी वैश्विक विशेषज्ञों में से एक माना जाता है - एक ऐसी तकनीक जो अधिक मोबिलिटी और तेजी से रिकवरी को सक्षम करने के लिए प्रसिद्ध है। एक प्रमुख तकनीकी उपलब्धि में, डॉ. मेहता को हाल ही में भारत के पश्चिमी क्षेत्र में पीटर ब्रेहम, जर्मनी के एडवांस्ड बीपीके-एस सिरेमिक घुटने (नी) को प्रत्यारोपित करने वाले पहले सर्जन के रूप में मान्यता दी गई थी। यह अगली पीढ़ी का सिरेमिक नी अपने असाधारण गुणों के लिए जाना जाता है - मिनिमल पॉलीवियर और संक्रमण के सामने बहेतर प्रतिरोध- जो इसे आर्थोपेडिक प्रत्यारोपण टेक्नॉलोजी मे सफल बनाता है। इसके साथ वह एशिया पेसिफिक क्षेत्र में एट्यून ऑल पॉली नी इम्प्लान्ट का उपयोग करने वाले प्रथम सर्जन बन गए हैं, जिससे भारत में आर्थोपेडिक प्रगति में अग्रणी डॉ. मेहता की भूमिका और भी मजबूत हो गई है।

# श्रीवल्ली अब मेरी दूसरी पहचान बन चुकी है: रश्मिका मंदाना

**पुष्पा सिर्फ एक नाम नहीं है, पुष्पा मतलब ब्रैंड। वो फिल्म जिसने सारे रिकॉर्ड तोड़े, दिलों को जीता और लोगों को और देखने के लिए बेकरार छोड़ दिया।**



**बॉक्स** ऑफिस पर तूफान मचाने के बाद अब पुष्पा राज एक बार फिर हमारे दिलों पर राज करने को तैयार है। इस बार पुष्पा राज वाइल्ड फायर बनकर लौटा है, एक ऐसी कहानी के साथ, जो पहले से कहीं बड़ी, ज़्यादा दमदार और जबर्दस्त ड्रामा से भरपूर है। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित ब्लॉकबस्टर 'पुष्पा 2: द रूल' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर होने जा रहा है ज़ी सिनेमा पर, शनिवार 31 मई को शाम 7:30 बजे। यह एक ऐसी फिल्म है जिसे पूरा परिवार साथ बैठकर देख सकता है क्योंकि 'पुष्पा 2' में है एंटरटेनमेंट, इमोशंस और एक्शन का वो लेवल जो आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। ज़ी सिनेमा पर पुष्पा 2:द रूल के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के मौके पर रश्मिका मंदाना के साथ एक खास चर्चा--

➢**सवाल-** क्या आपको नहीं लगता कि अब आपको आधिकारिक तौर पर अपना नाम श्रीवल्ली रख लेना चाहिए?

➲ जवाब: ओह, सच कहूं तो मुझे लगता है लोग पहले ही मुझे श्रीवल्ली कहने लगे हैं। और मैं पहले भी अपनी टीम से इस बारे में बात कर चुकी हूं... मुझे ऐसा लगता है कि श्रीवल्ली अब मेरी दूसरी पहचान बन चुकी है, और इससे मैं बहुत खुश हूं, और बहुत गर्व महसूस करती हूं। क्योंकि एक एक्टर के लिए सबसे बड़ी बात यही होती है कि लोग उसके काम को पहचानें। और मेरे लिए, यह सबसे बड़ी तारीफ है जो एक एक्टर को मिल सकती है। आज जब लोग मुझे श्रीवल्ली कहकर बुलाते हैं, तो मुझे सच में बहुत खुशी होती है।

➢**सवाल:** 'पुष्पा 2' में जथरा वाला सीन आइकॉनिक बन चुका है, खासकर आपका वो पावरफुल मोनोलॉग। इस पर सबका रिएक्शन कैसा था?

➲**जवाब:** मैंने ये सीन पहली बार बड़े पर्दे पर प्रीमियर के दौरान देखा। तब मैं अल्लू अर्जुन सर के बगल में बैठी थी। जैसे ही डायलॉग शुरू हुआ, पूरा थिएटर एकदम शांत हो गया, और जैसे ही सीन खत्म हुआ, लोग सीटी और ताली बजाने लगे। मैं वहीं बैठी रह गई, और हैरान होकर सोचती रही क्या ये सच में हो रहा है? मेरी आंखों में आंसू थे। हर दिन ऐसा नहीं होता कि किसी एक्ट्रेस को उसकी परफॉर्मेंस पर सीटियां और तालियां मिलें और ये मेरे लिए सब कुछ था। मैंने हमेशा खुद से कहा है कि एक दिन ये सारी मेहनत रंग लाएगी और उस पल में, वाकई, पूरे दिल से ऐसा ही लगा।

➢**सवाल:** पुष्पा फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों में अल्लू अर्जुन के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?

➲**जवाब:** अल्लू अर्जुन सर के साथ काम करना एक शानदार लर्निंग एक्सपीरियंस रहा। वो सेट पर इतनी एनर्जी और कमिटमेंट लेकर आते हैं, जो वाकई बहुत इंस्पायर करता है। उनके किरदार में जो डीटेलिंग और गहराई होती है, उसे देखकर मैंने बहुत कुछ सीखा। उनका पैशन मुझे भी मोटिवेट करता था कि मैं भी एक परफॉर्मर के तौर पर अपना बेस्ट दूं।

➢ **सवाल:** 'पुष्पा 2' को उसके म्यूजिक के लिए भी खूब सराहा जा रहा है। गानों की शूटिंग का अनुभव कैसा रहा?

➲**जवाब:** 'पीलिंग्स' सॉन्ग की शूटिंग मेरे लिए एक अलग ही चैलेंज था क्योंकि मुझे किसी के द्वारा उठाए जाने का फोबिया है और इस गाने के कई डांस मूव्स में ऐसा ही करना था। मुझे सच में नहीं पता था कि ये सब कैसे हो पाएगा। लेकिन मैंने पूरी तरह से सुकुमार सर और अल्लू अर्जुन सर पर भरोसा किया, और ना जाने कैसे, सब आसान लगने लगा। उनका सपोर्ट और मुझ पर भरोसा ही मेरी हिम्मत बना। मैं अपने डर से बाहर आ पाई और गाने में अपना बेस्ट देने पर फोकस कर सकी। और हां, इस गाने को ढेर सारा प्यार भी मिला।

➢**सवाल:** आपके किरदार श्रीवल्ली और पुष्पा के रिश्ते के बारे में कुछ बताइए?

➲**जवाब:** श्रीवल्ली जैसा किरदार निभाना मेरे लिए एक बेहद मुकम्मल अनुभव रहा, क्योंकि ये किरदार अंदर से मजबूत और भावनात्मक रूप से बहुत गहरा है। 'पुष्पा 2' में उसका सफर काफी बदल गया है। वो अब सिर्फ एक सपोर्टिव पत्नी नहीं है, बल्कि जब जरूरत पड़ने पर आवाज उठाने से भी पीछे नहीं हटती। एक अहम सीन है, जिसमें वो पुष्पा के लिए खड़ी होती है, और ये सिर्फ उनके रिश्ते की बात नहीं है, बल्कि उसकी अपनी सोच और हिम्मत की भी बात है। वो पल दिखाता है कि वो कितनी आगे बढ़ चुकी है। और एक एक्टर के तौर पर, उस बदलाव को निभाना मेरे लिए बहुत रिलेटेबल और संतोषजनक रहा। तो तैयार हो जाइए, अपनों को साथ बैठाइए और देखिए 'पुष्पा 2: द रूल' का धमाकेदार वर्ल्ड टेलीविजन।



# पीरियड्स कोई समस्या नहीं, जागरूकता की कमी है: करीना कपूर

**मेंस्ट्रुअल** हाइजीन डे पर अभिनेत्री करीना कपूर ने पीरियड्स पर खुलकर बात की। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए पोस्ट के जरिए अभिनेत्री ने बताया कि वास्तव में पीरियड्स कोई समस्या नहीं, बल्कि यह जागरूकता की कमी है। इंस्टाग्राम पर तस्वीरों को शेयर करते हुए अभिनेत्री ने गुजरात के स्कूलों की तारीफ करते हुए लिखा, गुजरात के स्कूलों में अब मासिक धर्म कॉर्नर बनाए गए हैं, जो सुरक्षित और स्वागत योग्य पहल हैं, जहां छात्र कार्ड गेम, रोल-प्ले एप्रन, इंटरैक्टिव मॉडल और किताबों के माध्यम से पीरियड्स के बारे में जानते और सीखते हैं। करीना ने आगे लिखा, यूनीसेफ इंडिया के साथ मिलकर सरकार ने स्कूलों में गेम-चेंजिंग पहल को जगह दी, जो पुरानी धारणाओं को तोड़ रही है और मासिक धर्म के बारे में बातचीत को सामान्य बनाने में मदद कर रही है। 1,03,000 से अधिक लड़कियों और 88,000 लड़कों तक पहुंच के साथ यह न केवल जागरूकता बढ़ा रहा है, बल्कि आत्मविश्वास और सम्मान का भी निर्माण कर रहा है। लड़कियों को स्कूल में बने रहने और अपने सपनों को पूरा करने में मदद कर रहा है। करीना ने पोस्ट में आगे लिखा, पीरियड्स फ्रेंडली वर्ल्ड, आइए हर छात्र के लिए खुली बातचीत और सुरक्षित वातावरण का समर्थन करते रहें। मासिक धर्म मायने रखता है। करीना कपूर से पहले अभिनेत्री संदीपा धर ने बताया कि हर छोटा कदम मायने रखता है। ऐसे में मासिक धर्म को लेकर हमें खुलकर बात करनी चाहिए। इससे पहले पीरियड्स हाइजीन को लेकर निमरत कौर ने बताया था कि मासिक धर्म किसी भी महिला के स्वास्थ्य का एक आवश्यक, प्राकृतिक और महत्वपूर्ण हिस्सा है। फिर भी यह चुप्पी में लिपटा हुआ है। लोग इस बारे में बात नहीं करते, लड़कियां संकोच महसूस करती हैं, खासकर पिछड़े क्षेत्रों में। मासिक धर्म से संबंधित चीजों को इन जगहों पर बांटने से लाभ मिलेगा। मुझे उम्मीद है कि यह प्रयास न केवल जीवन की बुनियादी चीजों की कमी को पूरी करता है, बल्कि पीरियड्स के बारे में बातचीत को सामान्य बनाना भी सुनिश्चित करता है।



# पवन कल्याण की OG की शूटिंग के दौरान इमरान हाशमी को हुआ डेंगू, अस्पताल में भर्ती

इमरान हाशमी इन दिनों साउथ पावर स्टार पवन कल्याण की फिल्म OG की शूटिंग में व्यस्त थे, लेकिन अब उन्हें शूटिंग रोकनी पड़ी हैं। क्योंकि इमरान को ओजी की शूटिंग के दौरान डेंगू हो गया है।

## ओजी की शूटिंग के दौरान इमरान को हुआ डेंगू

वीरल भयानी की एक पोस्ट के अनुसार, बॉलीवुड स्टार इमरान हाशमी को अब कथित तौर पर डेंगू हो गया है। वह पावर स्टार पवन कल्याण के साथ अपनी आगामी पैन-इंडियन फिल्म ओजी की शूटिंग कर रहे थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, वह मुंबई के गोरेगांव के आरे कॉलोनी में शूटिंग कर रहे थे, जहाँ उन्हें डेंगू के लक्षण महसूस होने लगे। फिल्म की प्रोडक्शन यूनिट के करीबी सूत्रों ने पुष्टि की है कि इमरान हाशमी अब स्वस्थ हो रहे हैं और उन्होंने शूटिंग से कुछ समय के लिए ब्रेक ले लिया है। साउथ स्टार पवन कल्याण की आगामी फिल्म ओजी एक आगामी गैंगस्टर एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन सुजीत कर रहे हैं। फिल्म में पवन कल्याण के अलावा इमरान हाशमी और प्रियंका मोहन नजर आएंगी। यह इमरान की पहली तेलुगु फिल्म है। फिल्म का संगीत थमन तैयार कर रहे हैं।

# कन्नड़ तमिल से पैदा हुई बयान पर फजीहत के बाद कमल हासन ने दी सफाई, बोले- मैंने प्यार से कहा



अभिनेता और एमएनएम अध्यक्ष कमल हासन ने कथित तौर पर कन्नड़ भाषा को लेकर विवादित टिप्पणी की है। इस पर उनकी जमकर आलोचना हो रही है। इसके बाद कमल हासन ने सफाई दी है। कलम हासन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ठग लाइफ की तैयारियों में व्यस्त हैं। इस फिल्म की रिलीज से पहले वे कन्नड़ भाषा पर अपनी एक विवादित टिप्पणी को लेकर चर्चा में आ गए हैं। कमल हासन ने चेन्नई में एक कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर कहा कि आपकी भाषा (कन्नड़) तमिल से पैदा हुई है। इस बयान के बाद अभिनेता की आलोचना हो रही है, जिसके बाद उन्होंने सफाई दी है।

# गायिका-अभिनेत्री कावेरी कपूर का नया सिंगल रेमिनिस 30 मई को होगा रिलीज, मोशन पोस्टर जारी



युवा गायिका और अभिनेत्री कावेरी कपूर अपने आगामी सिंगल रेमिनिस के साथ संगीत प्रेमियों के बीच अपनी जगह बनाने के लिए तैयार हैं। यह गाना उनकी पहली फिल्म बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी के बेहद लोकप्रिय ट्रैक एक धागा तोड़ा मैंने का मूल अंग्रेजी संस्करण है। गाने की घोषणा के साथ ही एक मनमोहक मोशन पोस्टर भी जारी किया गया है, जिसमें कावेरी अपने को-स्टार वर्धान पुरी के साथ नजर आ रही हैं, जो प्रशंसकों के बीच उत्सुकता बढ़ा रहा है। एक धागा तोड़ा मैंने को अपनी रिलीज के समय दर्शकों और फिल्म उद्योग दोनों से जबरदस्त सराहना मिली थी। यह गाना, जो अपनी धुन और बोल के लिए जाना जाता है, अब अपने मूल रूप में रेमिनिस के माध्यम से सामने आ रहा है। दिलचस्प बात यह है कि निर्देशक कुणाल कोहली ने रेमिनिस के इस मूल अंग्रेजी संस्करण को बहुत पसंद किया था, जिसके बाद उन्होंने इसे हिंदी में रूपांतरित कर बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी में शामिल करने का फैसला किया था। यह नया सिंगल कावेरी के तेजी से बढ़ते संगीत करियर में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है। बता दें कि 2025 में बॉलीवुड में अपनी पहली फिल्म में कदम रखने से पहले ही कावेरी चार म्यूजिक वीडियो रिलीज कर चुकी हैं, जो संगीत के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और प्रतिभा को दर्शाते हैं। रेमिनिस कावेरी के लिए एक बेहद खास गीत है, क्योंकि उन्होंने इसे तब लिखा था जब वह सिर्फ 15 साल की थीं। इस गाने के बोल जीवन और इसकी अप्रत्याशित प्रकृति के बारे में बात करते हैं, और यह संदेश देते हैं कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना करते हुए कैसे आगे बढ़ना चाहिए। यह गाना कावेरी की संगीत यात्रा का एक गहरा और व्यक्तिगत हिस्सा है, जो उनके कलात्मक परिपक्वता को दर्शाता है। प्रशंसक रेमिनिस के रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो 30 मई को आने वाला है। संगीत के साथ-साथ अभिनय के मोर्चे पर भी कावेरी सक्रिय हैं। वह वर्तमान में जाने-माने निर्देशक शेखर कपूर की मासूम 2 सीक्वल पर काम कर रही हैं। इस फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और शबाना आज़मी जैसी दिग्गज जोड़ी वापसी कर रही है, जिससे इस प्रोजेक्ट को लेकर भी काफी उम्मीदें हैं। कावेरी कपूर का यह नया गाना उनकी बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित करने और संगीत उद्योग में अपनी पहचान को मजबूत करने में मदद करेगा।



# प्यार का पंचनामा में अपने किरदार पर बोलीं नुसरत

**फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी (2018) ने नुसरत भरूचा को दर्शकों के बीच खास पहचान दिलाई। इस फिल्म का निर्देशन लव रंजन ने किया। इससे पहले नुसरत ने लव के ही निर्देशन में बनी प्यार का पंचनामा (2011) में भी काम किया। हाल ही में नुसरत ने खुलासा किया कि प्यार का पंचनामा में उन्हें अपना रोल पसंद नहीं आया था।**

नुसरत भरूचा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि फिल्म प्यार का पंचनामा में उन्हें अपना रोल पसंद नहीं आया, लेकिन इसके बावजूद वे उस तरह के रोल फिर करेंगी। युवा के साथ एक बातचीत में नुसरत से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि प्यार का पंचनामा और सोनू के टीटू की स्वीटी में उनके किरदारों को ठीक से पेश किया गया है?

## फिर से वही किरदार करने की जताई इच्छा

इस पर नुसरत ने कहा, तब भी मैं खुश नहीं थी। मैंने फिल्मों के लिए मना कर दिया। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लड़की को जिस तरह से पेश किया गया, उससे कोई दिक्कत नहीं है? इस सवाल के जवाब में वे बोलीं, मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है, बिल्कुल नहीं।

# अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' के टीजर संग

## सामने आई रिलीज डेट




दिनेश विजन प्रोड्यूस, श्रीराम राघवन निर्देशित फिल्म 'इक्कीस' को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। यह फिल्म जल्द ही रिलीज होगी। फिल्म के मेकर्स ने हाल ही में इसकी रिलीज डेट के बारे में जानकारी साझा की है। फिल्म 'इक्कीस' की कहानी एक यंग आर्मी ऑफिसर अरुण खेतरपाल की है। महज 21 साल की उम्र में देश के लिए इस सैन्य अधिकारी ने बलिदान दिया था। फिल्म में अभिनेता धर्मेंद्र आर्मी ऑफिसर के पिता का किरदार निभा रहे हैं। वहीं अरुण खेतरपाल के रोल में अगस्त्य नंदा नजर आएंगे। फिल्म के टीजर में भी युद्ध, युवा सैन्य अधिकारी की बहादुरी की झलक मिल रही है। इस फिल्म के टीजर पर सोशल मीडिया यूजर्स ने भी रिएक्ट किया है, फिल्म के टीजर को सराहा है। फिल्म 'इक्कीस' 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। गांधी जंयती के दिन यह फिल्म दर्शक देख पाएंगे, इस फिल्म के जरिए सेना की बहादुरी, शौर्य की गाथा को जान पाएंगे।

# करण जौहर की फिल्म 'लग जा गले' में जान्हवी कपूर संग रोमांस करेगा ये एक्टर, पहली बार बनी जोड़ी



**हाल** ही में जान्हवी कपूर फिल्म 'होमबाउंड' के प्रीमियर के लिए कान फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुईं। इस फिल्म को करण जौहर ने प्रोड्यूस किया। करण जौहर की एक और फिल्म 'लग जा गले' में भी जान्हवी नजर आएंगी। इस फिल्म में अपने एक्शन के लिए मशहूर हीरो जान्हवी के साथ रोमांस करेगा।

जान्हवी कपूर ने अपने करियर की शुरुआत एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'धड़क' से की थी। इस फिल्म के प्रोड्यूसर करण जौहर थे। हाल ही में वह करण जौहर की फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर भी चर्चा में रही हैं, इस फिल्म के प्रोड्यूसर भी करण जौहर हैं। जान्हवी अगले साल रिलीज होने वाली फिल्म 'लग जा गले' में नजर आएंगी, इसे भी करण जौहर ही प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म में जान्हवी का हीरो कौन होगा? इसकी जानकारी भी मिली है।

**इस एक्टर संग रोमांस करेंगी जान्हवी**

एक्टर टाइगर श्रॉफ फिल्म 'लग जा गले' में जान्हवी कपूर के अपोजिट नजर आएंगे। यह दोनों पहली बार किसी फिल्म में साथ एक्टिंग कर रहे हैं। फिल्म को राज मेहता निर्देशित करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह एक बदला लेने वाली लव स्टोरी होगी।

आईपीएल एलिमिनेटरः

# गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

**मुल्लांपुर, एजेंसी।** खिताब के दावेदार के रूप में शुरुआत करने के बाद लड़खड़ाने वाली शुभमन गिल की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर में शुक्रवार को यहां पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियन्स से भिड़ेगी। एलिमिनेटर में हारने वाली टीम प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगी जबकि विजेता टीम को दूसरे क्वालीफायर में खेलने का मौका मिलेगा।

खराब शुरुआत के बावजूद मुंबई इंडियन्स की टीम प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही। टाइटंस ने पिछले चार सत्र में तीसरी बार प्ले ऑफ में जगह बनाई है और इस दौरान 2022 में पदार्पण करते हुए खिताब भी जीता। हालांकि गिल और हार्दिक दोनों को ही काफी कुछ साबित करना है। अगर टाइटंस खिताब जीतता है तो भारत के नव नियुक्त टेस्ट कप्तान गिल की कप्तान के रूप में साख मजबूत होगी। हार्दिक को पिछले



साल टीम में वापसी पर हूटिंग का सामना करने के बाद प्रशंसकों का प्यार वापस मिल गया है और आईपीएल ट्रॉफी से वह फ्रेंचाइजी के महान खिलाड़ियों की सूची में अपनी जगह पक्की कर लेंगे। हालांकि दोनों कप्तान को खिताब की तलाश में अपने सामने मौजूद मुद्दों का हल खोजना होगा। टाइटंस की टीम अधिक चिंतित होगी क्योंकि उसने प्लेऑफ से पहले लय गंवा दी है। टीम ने अपने पिछले दो मैच में हार के दौरान विरोधी टीम को 465 रन बनाने दिए और प्ले ऑफ में उसे गेंद से बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

गुजरात के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ मोहम्मद सिराज को पावर प्ले में टीम को सफलता दिलानी होगी। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अरशद खान को नई गेंद से संघर्ष करना पड़ा है जिससे टाइटंस की समस्याएं बढ़ गई हैं और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाजों पर दबाव बढ़ गया है जो मौजूदा सत्र में 23 विकेट के साथ टीम के लिए तुरुप का पत्ता साबित हुए हैं। तेज गेंदबाजी विभाग की कमजोरियों के अलावा स्पिन ऑलराउंडर राशिद खान की प्रभावहीनता ने गेंदबाजी में टीम की मुसीबतों को और बढ़ा दिया है।

बल्लेबाजी विभाग में शीर्ष तीन बल्लेबाजों साई सुदर्शन, गिल और जोस बटलर ने टीम को प्ले ऑफ में जगह दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बटलर लीग चरण के बाद राष्ट्रीय टीम से जुड़ने के लिए स्वदेश रवाना हो चुके हैं और प्ले ऑफ में टीम को उनकी कमी खलेगी। बटलर के विकल्प के तौर पर टीम ने कुसाल मेंडिस को टीम में शामिल किया है लेकिन देखना होगा कि वह इंग्लैंड के इस स्टार बल्लेबाज की कमी को पूरा कर पाते हैं या नहीं। टाइटंस के मध्यक्रम में मौजूद शाहरूख खान और शेरफेन रदरफोर्ड सबसे अधिक भरोसेमंद खिलाड़ियों में शामिल नहीं हैं जिससे मुंबई के खिलाफ टाइटंस की राह आसान नहीं होगी।

टाइटंस की तरह मुंबई को भी विदेशी खिलाड़ियों के जाने से नुकसान हुआ है। शीर्ष क्रम में रोहित शर्मा के साथ रेयान रिकल्टन ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन दक्षिण अफ्रीका का यह बल्लेबाज अब राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ चुका है। इंग्लैंड के बल्लेबाज विल जैक्स के साथ भी ऐसा ही है। इंग्लैंड की टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो के अलावा रिचर्ड ग्लीसन और चरित असलंका को मुंबई ने अपने साथ जोड़ा है।

एलिमिनेटर में रोहित के साथ बेयरस्टो पारी का आगाज कर सकते हैं। मध्यक्रम में तिलक वर्मा का खराब प्रदर्शन भी मुंबई के लिए चिंता का सबब है। सूर्यकुमार ने बल्लेबाजी में मुंबई के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और वह मौजूदा सत्र में 640 रन बना चुके हैं। अगर वह विफल रहते हैं तो मुंबई की राह बेहद मुश्किल हो जाएगी। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई के बल्लेबाज जिस रन गति से रन जोड़ रहे हैं वह भी परेशानी का सबब है और हार्दिक को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट जैसे गेंदबाजों की अगुआई में मुंबई के गेंदबाज विरोधी टीम को अधिक परेशान कर रह हैं।

**टीमें:**

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, राशिद खान, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, निशांत सिंधु, रविश्रीनिवासन साई किशोर, गेराल्ड कोएट्जी, जयंत यादव, अरशद खान, करीम जन्नत, शेरफेन रदरफोर्ड, महिपाल लोमरोर, वाशिंगटन सुंदर, मानव सुथार, गुरनूर बरार, इशांत शर्मा, कागिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलवंत खेजरोलिया, मोहम्मद सिराज, दासुन शनाका, कुसल मेंडिस और जोस बटलर।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवन जैकब्स, रॉबिन मिंज, कृष्णन श्रीजीत, नमन धीर, राज बावा, मिचेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान, रघु शर्मा, जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन और चरित असलंका।

**समय:** शाम 7.30 बजे।

नॉर्वे चेस टूर्नामेंटः

## गुकेश की लगातार दो हार के बाद वापसी: तीसरे राउंड में वर्ल्ड नंबर-2 हिकारू को हराया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौजूदा वर्ल्ड चेस चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे राउंड में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर शानदार जीत दर्ज की। वर्ल्ड नंबर-2 हिकारू पर इस जीत से उन्हें तीन पॉइंट्स मिले और टूर्नामेंट में लगातार दो हार के बाद उन्होंने जोरदार वापसी की। गुकेश 29 मई 2025 यानी आज अपना 19वां जन्मदिन मना रहे हैं। इससे पहले, गुकेश को पहले दो राउंड में मैग्नस कार्लसन और अर्जुन एरिगैसी से हार का सामना करना पड़ा था।

चौथे राउंड में फैबियानो से भिड़ेंगे गुकेश इस जीत से गुकेश स्टैंडिंग में फिलहाल 5वें नंबर पर हैं। टॉप पर अमेरिका के फैबियानो कारूआना हैं। चौथे राउंड में गुकेश का सामना फैबियानो कारूआना से ही होगा। दूसरे राउंड में अर्जुन ने हराया था गुकेश को मंगलवार को दूसरे राउंड में हमवतन अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद वे स्टैंडिंग में सबसे निचले छठे स्थान पर पहुंच गए थे। इससे पहले, उन्हें पहले राउंड में पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन और मौजूदा वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। गुकेश मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन गुकेश ने दिसंबर में सिंगापुर में खेले गए वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप में चीन के डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से फाइनल में हराकर खिताब जीता था। 18 साल की उम्र में वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप जीतने वाले गुकेश दुनिया के पहले प्लेयर हैं। इससे पहले 1985 में रूस के गैरी कैस्परोव ने 22 साल की उम्र में यह खिताब जीता था। गुकेश ने चीनी खिलाड़ी को 14वें गेम में हराकर यह टाइटल जीता था। 25 नवंबर को चैंपियनशिप का फाइनल शुरू हुआ था, 11 दिसंबर तक दोनों के बीच 13 गेम खेले गए।

गुकेश ने चेस ओलिंपियाड भी जिताया था 10 से 23 सितंबर तक पिछले साल बुडापेस्ट में चेस ओलिंपियाड का आयोजन हुआ था। भारत ओपन और विमेंस दोनों कैटेगरी में चैंपियन बना था। ओपन कैटेगरी में गुकेश ने ही फाइनल गेम जीतकर भारत को जीत दिलाई थी।

बैडमिंटनः

## सात्विक और चिराग सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में, सिंधू और प्रणय बाहर



**सिंगापुर, एजेंसी।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने यहां सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

सात्विक और चिराग ने दूसरे दौर के मुकाबले में साबर कार्यमन गुटामा और मोह रेजा पहलवी इस्फहानी की सातवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए एक घंटे 14 मिनट तक में 19-21 21-16 21-19 से जीत हासिल की। ??अगले दौर में भारतीय जोड़ी का सामना गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी से होगा। पिछले कुछ हफ्तों से फिटनेस समस्याओं से जूझने के बाद वापसी कर रही भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को हालांकि दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी चीन की चेन यूफेई के खिलाफ 65 मिनट चले कड़े मुकाबले में 9-21 21-18 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर खिसक चुकी सिंधू ने दूसरे गेम में अपनी पुरानी फॉर्म दिखाई। उन्होंने 19-12 की बढ़त बनाने के बाद दूसरा गेम 21-18 से जीता। हालांकि तीसरे और निर्णायक गेम में चीन की खिलाड़ी ने अपने दमदार स्मैश और कोर्ट पर बेहतर नियंत्रण बनाते हुए मैच जीत लिया। पहले दौर में कनाडा की वेन यू झेंग के खिलाफ 21-14, 21-9 से जीत दर्ज करने वाली सिंधू दूसरे दौर में इस लय को बरकरार रखने में नाकाम रहीं।

पुरुष एकल में भी भारत को निराशा हाथ लगी जब एचएस प्रणय प्री क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ 16-21 14-21 से हारकर बाहर हो गए।

## ऑस्ट्रेलिया ए और साउथ अफ्रीका ए के भारत दौरे का शेड्यूल जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सितंबर से दिसंबर 2025 तक होने वाले ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम, ऑस्ट्रेलिया पुरुष ए टीम और दक्षिण अफ्रीका पुरुष ए टीम के भारत दौरे के लिए कार्यक्रम की घोषणा की है। इस दौरान कुल 13 मैच विभिन्न प्रारूपों में खेले जाएंगे।



### ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम का भारत दौरा - 3 वनडे

ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम भारत में तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए आएगी, जो 2025 में होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होगी। यह सीरीज चेन्नई के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में खेली जाएगी। यह मैदान जिसे चेपक के नाम से भी जाना जाता है, अपनी शानदार पिच के लिए प्रसिद्ध है। यह सीरीज भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए एक सुनहरा अवसर होगी, क्योंकि वे विश्व कप से पहले अपनी तैयारियों को परख सकेंगी।

# टेस्ट टीम की कप्तानी करना चाहते हैं रवींद्र जडेजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भले ही कप्तानी के दावेदारों में उनका नाम शामिल नहीं रहा हो लेकिन अनुभवी हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने कहा कि वह एक दिन भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करना चाहेंगे चूंकि अपने लंबे कैरियर में अलग अलग कप्तानों के साथ खेलकर वह इस भूमिका को बखूबी समझ गए हैं। इंग्लैंड दौरे के लिए युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया जबकि ऋषभ पंत उप-कप्तान होंगे।

क्या वह भारत के टेस्ट कप्तान बनना चाहते हैं, यह पूछने पर 36 वर्ष के जडेजा ने भारत के पूर्व क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब चैनल पर कहा, 'हां, बिल्कुल। इतने सालों में मैने अलग-अलग कप्तानों के साथ खेला है। मुझे हर कप्तान की शैली के बारे में पता है और यह भी समझता हूं कि खिलाड़ी क्या सोचते हैं और चाहते हैं। भारत के लिए 2012 में पहला



टेस्ट खेलने वाले जडेजा ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में तीनों प्रारूपों में पदार्पण किया था और आईपीएल में भी उनकी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेले। जडेजा ने कहा, 'हर कप्तान की अपनी शैली होती है।

मैने हर प्रारूप में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में खेला है और उनकी सोच बिल्कुल सरल है। अगर उन्हें लगता है कि कोई बल्लेबाज एक ही जगह पर शॉट खेल सकता है तो वहां वह फील्डर जरूर लगाएंगे।

टेस्ट क्रिकेट से रोहित शर्मा के संन्यास के बाद अश्विन ने जडेजा को कप्तान बनाने का समर्थन किया था। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा था, 'हम रविंद्र जडेजा को क्यो भूल जाते हैं। अगर नया कप्तान चाहिए तो मैं कहूंगा कि दो साल के लिए किसी अनुभवी को कमान सौंपने के बाद नए व्यक्ति को बागडोर दी जानी चाहिए।

जडेजा ने यह भी कहा कि टेस्ट टीम की बजाय टी20 में कप्तानी अधिक कठिन है। उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में आपको गेंदबाज की जरूरत के मुताबिक दो या तीन फील्डर में बदलाव करना होता है, बल्लेबाज के हिसाब से नहीं। उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में कप्तानी अलग है। इसमें ज्यादा माथापच्ची नहीं करनी होती। यह आईपीएल या टी20 की तरह पेचीदा नहीं है, जहां हर गेंद अहम होती है।

### आज से शुरू होगा इंडिया ए बनाम इंग्लैंड लायंस टेस्ट मैच, ये हैं लाइव स्ट्रीमिंग डिटेल्स और दोनों टीमों का स्क्वाड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के इंग्लैंड के लंबे टेस्ट दौरे की शुरुआत इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया ए की अनौपचारिक टेस्ट सीरीज के प्रारंभिक चरण से होगी। दोनों देशों की 'ए' टीमें 30 मई से दो प्रथम श्रेणी मैच खेलेंगी। इसके बाद इंडिया ए 20 जून से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले भारत की सीनियर टेस्ट टीम से भिड़ेगी। बंगाल के सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन इंडिया ए टीम की अगुआई करेंगे। इसमें कई ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो बाद में टेस्ट टीम से जुड़ेंगे। समरसेट के जेम्स रेव पहली बार इंग्लैंड लायंस की अगुआई करेंगे। वह 2 मैच की चार दिवसीय सीरीज में इंडिया ए का सामना करेंगे। शुरुआती 15 खिलाड़ियों वाली इंग्लैंड लायंस में उभरते हुए प्रतिभाशाली और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। इसमें क्रिस वोक्स भी शामिल हैं, जो टखने की चोट के बाद वापसी कर रहे हैं।

## पाकिस्तान की जीत में चमके हसन अली और सलमान आगा, बांग्लादेश को दी 37 रनों से पटखनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने बुधवार पाकिस्तान की जीत में चमके हसन अली और सलमान आगा, बांग्लादेश को दी 37 रनों से पटखनी

को लाहौर में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश को 37 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। हसन अली ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी (5/30) और शादाब खान के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन ने पाकिस्तान की जीत में अहम भूमिका निभाई।

पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान सलमान आगा (56 रन, 34 गेंद) और शादाब खान (48 रन, 25 गेंद) की आतिशी पारियों की बदौलत 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 201 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में बांग्लादेश की टीम हसन अली की घातक गेंदबाजी




और शादाब के दो विकेटों (2/26) के सामने 164 रनों पर सिमट गई।

**सलमान और हारिस की साझेदारी:** पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलमान और फखर जमान पारी शुरू करने उतरे, लेकिन पहले ही ओवर में सलमान आउट हो गए। महेदी हसन ने उन्हें पहली गेंद पर रिटर्न कैच पकड़ा। अगले ओवर में शोरिफुल इस्लाम ने फखर को इनस्विंगर पर बोल्ड कर दिया। शोरिफुल ने इस विकेट के साथ टी20 में अपने 50 विकेट भी पूरे किए। हालांकि, मोहम्मद हारिस (31 रन, 18 गेंद) ने आक्रामक शुरुआत की और शोरिफुल के एक ओवर में तीन चौके जड़कर दबाव बनाया। कप्तान सलमान ने भी महेदी के खिलाफ तीन चौके लगाए, जिससे पावरप्ले में पाकिस्तान ने 50 रन पार किए। हारिस सातवें ओवर में आउट हुए, लेकिन सलमान ने हसन नवाज़ के साथ मिलकर पारी को संभाला। किस खिलाड़ी की वजह से गिल बने भारतीय टेस्ट कप्तान और कैसी है इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया, सुनील गावस्कर ने बताया

**सलमान और नवाज ने दी पारी को रफ्तारः** सलमान ने तंजीम हसन और रिशाद हुसैन के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने स्कूप शॉट्स और लेट कट्स के साथ अपनी बल्लेबाजी का जौहर दिखाया। नवाज़, जो हाल ही में पीएसएल 2025 में अपने प्रदर्शन से चर्चा में थे, ने रिशाद के खिलाफ पहला छक्का जड़ा।

धक्का दिया, हेलमेट खींचा...

## मैदान पर लड़ बैठे बांग्लादेश-साउथ अफ्रीकी क्रिकेटर अंपायर को भी किया किनारे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका की इमर्जिंग टीमों के बीच ढाका में चार दिवसीय मुकाबले के दौरान जो कुछ मैदान पर हुआ, उसने जेंटलमैन गेम्स को शर्म कर दिया. इस मैच के दौरान खिलाड़ियों के बीच ततनाव इतना बढ़ गया कि बात हाथापाई तक पहुंच गई. बांग्लादेश के गेंदबाज और साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज के बीच पहले कहासुनी हुई, फिर मामला एक दूसरे पर हाथ उठाने तक पहुंच गया. इसी बीच अंपायर्स ने खिलाड़ियों को अलग भी किया. लेकिन इसके बावजूद दोनों में कहासुनी होती रही.

यह विवाद बांग्लादेश के 22 वर्षीय बल्लेबाज रिपोन मंडल और साउथ अफ्रीका के 29 वर्षीय गेंदबाज शेपो एंतुली के बीच हुआ. दोनों के बीच कहासुनी हुई और फिर दोनों एक-दूसरे से भिड़ गए.

इस बात को लेकर कमेंट्री पैनल पर भड़के डिविलियर्स

# कभी-कभी कमेंटेटर्स एक ही कहानी पर अटक जाते हैं...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ के एकाना स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए आईपीएल 2025 के लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। इस मैच में क्वालिफायर 1 में जगह बनाने के लिए महत्वपूर्ण जीत की जरूरत थी, लेकिन लखनऊ ने कप्तान ऋषभ पंत के शानदार शतक की बदौलत 227 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। आरसीबी के गेंदबाजों को जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति में काफी आलोचना का सामना करना पड़ा, लेकिन टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी एबी डिविलियर्स ने कमेंट्री बॉक्स से की गई नकारात्मक टिप्पणियों पर कड़ा ऐतराज जताया। अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए डिविलियर्स ने कमेंटेटर्स की आलोचना पर अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा, मैंने कल रात कमेंट्री सुनी और मुझे बहुत गुस्सा आया। जब हम गेंदबाजी कर रहे थे, तब कमेंटेटर्स इतने नकारात्मक थे। वे बार-बार कह रहे थे, 'आरसीबी की गेंदबाजी दबाव में है। ऐसा लगता है कि वे इसे संभाल नहीं पाएंगे। एक बार फिर फॉर्म में चल रही टीम अपनी लय खो रही है।' लेकिन क्या आपने यह सोचा कि शायद यह बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छी पिच थी? सभी




समझदार कमेंटेटर्स से मैं कहना चाहता हूं, क्या आपने इस संभावना पर विचार किया कि यह बल्लेबाजी के लिए शानदार सतह थी? डिविलियर्स ने आगे कहा, वे बार-बार कह रहे थे कि आरसीबी की गेंदबाजी इकाई फिर से खराब फॉर्म में है। मैंने मैच देखते हुए सोचा कि कभी-कभी कमेंटेटर्स एक ही कहानी पर अटक जाते हैं। हां, यह सच है कि आरसीबी ने अभी तक कोई खिताब नहीं जीता, लेकिन यह कहना कि 'फिर वही हो रहा है, गेंदबाज नाकाम हैं, वे बेकार हैं,' बिना मैदान पर हो रही चीजों का ठीक से विश्लेषण किए यह कहना आलसी रवैया है। ऋषभ पंत 60-कुछ गेंदों पर 118 रन कठिन पिच पर नहीं बनाएंगे। पिच से बल्लेबाजों को मदद मिल रही थी जिसकी वजह से एलएसजी के सभी बल्लेबाज वहां सहज दिख रहे थे। उन्होंने यह भी जोड़ा, हां, कुछ मौकों पर गेंदबाजी खराब थी। लेकिन हमें बड़े दृष्टिकोण से देखना चाहिए। एक ऐसी पिच पर 227 रन, जो आमतौर पर इतनी आक्रामक बल्लेबाजी का सपोर्ट नहीं करती, लेकिन अगर रन बने हैं तो साफ तौर पर कहा जा सकता है कि ये पिच बल्लेबाजों के लिए ही थी। आरसीबी अभी भी मुकाबले में थी; वे पूरी तरह से हावी नहीं हुए थे, और उन्होंने इसे साबित भी किया।

# एडीबी ने नई प्रौद्योगिकी वाली परियोजनाएं शुरू करने में रुचि दिखाई, मनोहर ने मसातो कांडा से की चर्चा

### मास ट्रांजिट सिस्टम, समावेशी आवास, शहरी स्वच्छता और बुनियादी ढांचा, शहरी शासन और सुधारों पर हुई बातचीत

नई दिल्ली

केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य तथा विद्युत मंत्री मनोहर लाल और एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष मसातो कांडा ने नई दिल्ली में शुक्रवार को श्रम शक्ति भवन में भारतीय शहरीकरण में एडीबी के निरंतर सहयोग और निवेश पर चर्चा की। बैठक में एडीबी द्वारा विभिन्न विकासशील क्षेत्रों को दिए गए पिछले सहयोग के महत्व पर बल दिया गया तथा "विकसित भारत 2047" के शानदार विजन को प्राप्त करने के लिए निवेश के संभावित क्षेत्रों पर प्रकाश डाला गया।



**सफल मॉडल पूरे देश में तैनात और बढ़ाए जा रहे**

मनोहर लाल और कांडा ने अनेक मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें मास ट्रांजिट सिस्टम, समावेशी आवास, शहरी स्वच्छता और बुनियादी ढांचा, शहरी शासन और सुधारों के अलावा अन्य विषयों में भारत के विकास की चर्चा की गई। केन्द्रीय मंत्री ने मोबिलिटी सेक्टर द्वारा अनुभव किए गए विकास के उछाल पर प्रकाश डाला, क्योंकि मल्टी-मॉडल ट्रांजिट सिस्टम के सफल मॉडल पूरे देश में तैनात और बढ़ाए जा रहे हैं। मंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन, अमृत और पीएमएवाई-शहरी जैसे प्रमुख मिशनों के तहत की गई महत्वपूर्ण प्रगति पर जोर दिया और एडीबी के लिए भारत के शहरी विकास एजेंडे के साथ अपने निवेश को पंक्तिबद्ध करने के अवसर पर जोर दिया ताकि टिकाऊ, समावेशी और आपस में जुड़े हुए शहर बनाने के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया जा सके।

**आरआरटीएस में वृद्धि के लिए भारत को बधाई**

एडीबी के अध्यक्ष कांडा ने रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) में देखी गई निरंतर वृद्धि के लिए भारत को बधाई दी और प्रगति को प्रभावशाली बताया। उन्होंने इस बात की भी सराहना की कि किस तरह रेल नेटवर्क ने वायु प्रदूषण, परिवहन और सामाजिक चुनौतियों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन किया और इस परियोजना से जुड़ना उनके लिए बहुत गर्व की बात है।

**एडीबी के सहयोग की सराहना की**

मनोहर लाल ने केंद्रीय बजट 2025-26 में उल्लिखित प्राथमिकताओं के अनुरूप ज्ञान ढांचे को विकसित करने में एडीबी के सहयोग की सराहना की। यह कोष शहरों को विकास केंद्र के रूप में देखता है, जो 100 भारतीय शहरों में पानी, स्वच्छता और अपशिष्ट सेवाओं को बदलने के लिए ब्लूप्रिंट के रूप में कार्य करता है।

**निजी खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करें**

मंत्री मनोहर लालने कहा कि विकास के इस पैटर्न को जारी रखते हुए, राष्ट्रपति ने सलाह दी कि एकीकृत योजना और समग्र विकास का उपयोग करके इस तरह के प्रयासों को कैसे बढ़ाया जा सकता है, ताकि पथ-प्रदर्शक परिणामों के लिए जमीनी स्तर पर नवाचार को लागू करने के लिए सुसज्जित निजी खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। दोनों ने शहरी चुनौती कोष के महत्व पर चर्चा की, ताकि परियोजनाओं की बैंकिंग क्षमता में सुधार के लिए नगर निगमों से मजबूत समर्थन के साथ इसके डिजाइन को आगे बढ़ाया जा सके।

## खबर संक्षेप

### नाइजीरिया में बाढ़ का कहर, 117 की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के नाइजर राज्य के बाजार कस्बे मोक्वा में आई बाढ़ के कारण अब तक 117 लोगों की जान गई है। वहीं, बड़ी संख्या में लोग लापता हैं।



नाइजर राज्य की राजधानी मिन्ना में परिचालन कार्यालय के प्रमुख हुसैनी ईसा ने कहा कि कई लोग अभी भी खतरे में हैं, शुक्रवार को बचाव कार्य जारी है। कई घंटों की लगातार बारिश के कारण नाइजर में बाढ़ आ गई। इस बाढ़ ने बुरी तरीके से जनजीवन को प्रभावित किया है।

### भारतवंशी फैजान ने जीता स्पेलिंग का खिताब

**नई दिल्ली।** भारतवंशी छात्र फैजान जाकी ने स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता में



एक्लेरसिसमेंट शब्द का सही ढंग से उच्चारण कर प्रतियोगिता जीत ली है। टेक्सास के 13 वर्षीय जाकी ने गुरुवार रात को सर्वदन्य कादम को हराकर यह जीत हासिल की। वह सातवीं कक्षा के छात्र हैं। उन्होंने 2024 में एक अन्य भारतीय-अमेरिकी ब्रुहत सोमा के खिलाफ स्पेल-आफ में दूसरा स्थान हासिल किया था। इस प्रतियोगिता में जाकी की यह चौथी बार भागीदारी थी।

### जम्मू-कश्मीर दौरे पर पुंछ पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री शाह बोले

# आतंकी हमले का जवाब कठोरता और तत्परता से देना पीएम मोदी की नीति

**पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की**

एजेंसी ▶▶ पुंछ

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पुंछ दौरे के क्रम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की नीति है कि हर आतंकी हमले का जवाब कठोरता और तत्परता से दिया जाएगा। उन्होंने पुंछ नगर स्थित डाक बंगला में पाकिस्तानी गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों और घायलों से मिले। इस दौरान उन्होंने मृतकों के परिजनों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। गृह मंत्री शाह ने कहा कि पाकिस्तान ने घोर निंदनीय हमला किया। रिहायशी इलाकों और धार्मिक स्थलों पर हमला किया। उस हमले में हमारे जो नागरिक हताहत हुए हैं, उनके परिजनों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। हम सभी जानते हैं कि मुआवजा या सरकारी नौकरी से जीवन में जो हानि हुई है, उसकी क्षतिपूर्ति नहीं हो सकती, लेकिन जम्मू-कश्मीर सरकार, भारत सरकार और समग्र जनता की जो भावना जुड़ी है, यह उसका प्रतीक है। जो बहादुरी पुंछ के नागरिकों और अधिकारियों ने दिखाई है, उससे पूरे देश का संबल बढ़ा है।

*पुंछ पीड़ितों से मिले, मृतकों के परिवारों को दी सरकारी नौकरी*

*कहा- पुंछ के नागरिकों और अधिकारियों ने दिखाई बहादुरी*



**पाक को उबरने में पांच साल लगेंगे**

*केंद्रीय गृह मंत्री ने बीएसएफ जवानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान ने हमारी सीमाओं और नागरिक क्षेत्रों पर हमला करके हमारे आतंकवाद विरोधी अभियानों का जवाब दिया, तो यह बीएसएफ के 'जम्मू फ्रंटियर' के जवान थे जिन्होंने 118 से अधिक चौकियों को तबाह और क्षतिग्रस्त करके जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने दुश्मन की पूरी निगरानी प्रणाली को टुकड़े-टुकड़े करके नष्ट कर दिया, एक ऐसी प्रणाली जिसे दोबारा बनाने में उन्हें चार से पांच साल लगेंगे।*

**जम्मू कश्मीर का विकास थमेगा नहीं**

*शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर का विकास रुकेगा नहीं थमेगा नहीं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर सरकार ने नॉर्म्स के हिसाब से सहायता कर दी है और भारत सरकार भी व्यापारिक संस्थानों में हुई क्षति के लिए एक पैकेज लेकर आएगी। उन्होंने जम्मू कश्मीर के प्रशासन और सुरक्षा बलों की सराहना की और कहा कि वे हर चीज का जवाब देने के लिए सक्षम हैं।*

**अमरनाथ यात्रा को लेकर की समीक्षा बैठक**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजभवन में सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अटल डुल्लू, डीजीपी नलिन प्रभात और गृह मंत्रालय, सेना, अर्धसैनिक बलों, जम्मू-कश्मीर पुलिस, नागरिक प्रशासन और केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश की खुफिया एजेंसियों के अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। बैठक डेढ़ घंटे तक चली।



**भयमुक्त हो अमरनाथ यात्रा**

बैठक में अमरनाथ यात्रा भयमुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए तैयार किए गए प्लान पर विस्तृत चर्चा हुई। यात्रा मार्ग पर सुरक्षाबलों की तैनाती, सभी सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय, खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान और मजबूत सुरक्षा ग्रिड बनाने को कहा गया। गृहमंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों को अमरनाथ यात्रा को भयमुक्त और सुरक्षित बनाने का निर्देश दिया।

**इंडोनेशिया के इस्लामी संगठन का भारत को समर्थन**

## कहा- आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे इस्लाम के नाम पर की हिंसा गलत



एजेंसी ▶▶ जकार्ता

इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन नाहदतुल उलमा के कार्यकारी बोर्ड अध्यक्ष केएच उलिल अब्शार अब्दल्ला ने भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ने और शांति को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया दोनों आतंकवाद जैसी चुनौती से गुजरे हैं। अब्दल्ला ने चेताया कि अगर धर्म का इस्तेमाल हिंसा को जायज ठहराने के लिए किया जाए, तो यह बहुत खतरनाक होता है। कुछ समूह इस्लाम के नाम पर हिंसा को बढ़ावा देते हैं, जो गलत है, क्योंकि इस्लाम शांति का धर्म है। आतंकवाद के सबसे बड़े शिकार खुद मुसलमान हैं, इस खतरे को खत्म करने की सबसे पहली जिम्मेदारी भी मुसलमानों की ही बनती है।

**अनुच्छेद 370 हटाया जाना सराहनीय**

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 ने लंबे समय से जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से अलग मानने की धारणा बनाई हुई थी। पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार की ओर से अनुच्छेद को निरस्त करने के साथ ही यह धारणा समाप्त हो गई है। केंद्र सरकार के फैसले से क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आए हैं और समृद्धि बढ़ी है। उन्होंने कहा कि इसके बाद चुनाव हुए और 65 प्रतिशत लोगों ने चुनाव में हिस्सा लिया। आज कश्मीर में एक निर्वाचित सरकार है। पहलगाम में जो कुछ भी हुआ या यहां जो भी आतंकी घटनाएं हो रही हैं, उससे हालात पहले जैसे करने की कोशिश की जा रही है। कश्मीर में जो समृद्धि आई है, उसे वापस गुम करने की कोशिश की जा रही है।

**डेनमार्क ने आतंकी हमले पर जताई संवेदना**

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन में डेनिश संसद के उपाध्यक्ष और विदेश नीति के अध्यक्ष लार्स क्रिश्चियन ब्रास्क से मुलाकात की। उन्होंने आतंकवाद की समस्या को समझा। अपने विचार व्यक्त किए और डेनमार्क सबसे पहले एकजुटता व्यक्त करने वाला देश था। उन्होंने भारत की स्थिति को समझा। हम तहे दिल से उनका शुक्रिया अदा करते हैं। ब्रास्क ने कहा कि हमें भारतीय संसद के एक बहुत मजबूत प्रतिनिधिमंडल से मिलकर सम्मानित महसूस हो रहा है और हमने अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

**पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

## पासियां समेत 4 गैंगस्टरों का इंटरपोल से जारी कराया 'रेड कॉर्नर नोटिस'




एजेंसी ▶▶ बटाला

पंजाब की बटाला पुलिस ने आतंकी गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुहिम छेड़ी है और इंटरपोल से पांच कुख्यात गैंगस्टरों के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस हासिल किया है। बब्बर खालसा के आतंकी और गैंगस्टर हैप्पी पासियां समेत 4 गैंगस्टरों पर विदेश में बैठकर अपने स्थानीय साथियों को बटाला और आसपास के इलाकों में आतंक और अराजकता फैलाने का निर्देश देने का आरोप है।

**स्थानीय लोगों से धमकी दिलवा रहे**

पुलिस ने हैप्पी पासियां के अलावा पवित्तर सिंह, हुसनदीप सिंह, शमशेर सिंह और हरि सिंह के खिलाफ ये कदम उठाया है। एसएसपी सुहैल कासिम मीर ने कहा कि ये आरोपी अपने लोकल ऑपरेटिव को साथ जोड़ कर बम धमाकों, टारगेट किलिंग और फायरिंग जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस द्वारा एक ओर विशेष टीमों का गठन कर कार्रवाई की जा रही है, वहीं दूसरी ओर फरार अपराधियों के खिलाफ इंटरपोल से रेड-कॉर्नर नोटिस भी जारी करवाए जा रहे हैं।

**रूस के विदेश मंत्री लावरोव बोले**

## मॉस्को की रूस-भारत-चीन त्रिकोणीय प्रारूप को फिर से सक्रिय करने की इच्छा

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के विदेश मंत्री ने रूस, भारत, चीन संबंध को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रूस-भारत-चीन (आरआईसी) ढांचे को फिर से सक्रिय करने में रुचि दिखाई है। लावरोव ने कहा कि मैं रूस, भारत, चीन के प्रारूप में काम को जल्द से जल्द फिर से शुरू करने में हमारी रुचि को जाहिर करना चाहूंगा, जिसकी स्थापना कई साल पहले रूस के पूर्व पीएम येवगेनी प्रिमाकोव की पहल पर हुई थी। उन्होंने कहा कि इस समूह ने तब से लेकर अब तक न केवल विदेश नीति प्रमुखों के स्तर पर, बल्कि तीनों देशों की अन्य आर्थिक, व्यापार और वित्तीय एजेंसियों के प्रमुखों के स्तर पर मंत्रिस्तरीय बैठकें आयोजित की हैं।

**भारत-चीन के मध्य सीमा विवाद पर बनी सहमति**



लावरोव ने कहा कि जैसा कि मैं समझता हूं, अब भारत और चीन के बीच सीमा पर स्थिति को सामान्य बनाने के तरीके पर सहमति बन गई है, और मुझे लगता है कि इस आरआईसी त्रिकोणीय प्रारूप को फिर से सक्रिय करने का समय आ गया है। रूस के विदेश मंत्री यूराल पर्वतों से घिरे पर्म शहर में यूरेशिया में सुरक्षा और सहयोग की एकल और न्यायसंगत प्रणाली बनाने पर एक अंतरराष्ट्रीय सामाजिक और राजनीतिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यह शहर यूरोप और एशिया की सीमा पर है।

**नाटो देश भारत को चीन के खिलाफ उकसा रहे**

लावरोव ने आरोप लगाया कि अमेरिका नीत उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) खुलेआम भारत को चीन विरोधी षड्यंत्रों में शामिल करने की कोशिश कर रहा है। लावरोव ने कहा कि मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमारे भारतीय मित्र और मैं जाहिर तौर पर इस प्रवृत्ति को देखते हैं और यह बात उनके साथ गोपनीय बातचीत के आधार पर कह रहा हूं। इसे वास्तव में एक बड़ी उकसावे वाली कार्रवाई माना जा सकता है।

## ऑपरेशन शील्ड के तहत आज 6 राज्यों में मॉक ड्रिल: ब्लैकआउट और सायरन से युद्ध जैसी तैयारी

देश की सुरक्षा तैयारियों को परखने के लिए आज शनिवार को छह राज्यों में एक साथ मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट एक्सरसाइज की जा रही है। इसे 'ऑपरेशन शील्ड' नाम दिया गया है। यह अभ्यास राजस्थान, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, गुजरात और चंडीगढ़ में होगा। ड्रिल के दौरान ब्लैकआउट किया जाएगा, यानी तय समय के लिए लाइटें बंद होंगी और सायरन बजाकर आपातकालीन स्थितियों का अभ्यास किया जाएगा।

इससे पहले यह मॉक ड्रिल गुरुवार को प्रस्तावित थी, लेकिन उसे स्थगित कर आज किया जा रहा है।

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़ी तैयारियां**

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 टूरिस्टों की मौत के बाद भारत ने 7 मई को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) और पाकिस्तान में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। इसमें सेना ने 100 आतंकियों को ढेर किया था। इस कार्रवाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का माहौल है।

इसी पृष्ठभूमि में देश के संवेदनशील जिलों में युद्ध जैसी तैयारियों की परख के लिए यह मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है।

**क्या होता है मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट एक्सरसाइज?**

मॉक ड्रिल: युद्ध या आतंकी हमले जैसी आपात स्थिति में प्रशासन और आम नागरिकों की प्रतिक्रिया और सुरक्षा तैयारियों का परीक्षण।

ब्लैकआउट एक्सरसाइज: कुछ समय के लिए पूरे इलाके की लाइटें बंद कर दी जाती हैं ताकि दुश्मन हमले की स्थिति में इलाका अदृश्य बना रहे।



7 मई को देश के 244 शहरों में इसी तरह की 12 मिनट की ब्लैकआउट एक्सरसाइज की गई थी, जिसमें नागरिकों को हमलों से बचाव और सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने का अभ्यास कराया गया था।

**1971 के युद्ध के बाद पहली बार इतने बड़े पैमाने पर अभ्यास**

देश में पिछली बार ऐसी बड़ी मॉक ड्रिल 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान हुई थी। इस बार की एक्सरसाइज में सिविल डिफेंस के तहत 259 जिलों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है—इनमें से 13 जिले सबसे संवेदनशील (कैटेगरी 1) माने गए हैं। इनमें उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर का नरौरा न्यूक्लियर प्लांट होने की वजह से यह जिला सबसे ऊपर है।

**ऑपरेशन शील्ड के मुख्य उद्देश्य:**

संभावित हमले की स्थिति में प्रशासन की तैयारी को जांचना।

आम नागरिकों को आपातकालीन परिस्थिति में व्यवहार का प्रशिक्षण देना।

ब्लैकआउट में सुरक्षा और सामूहिक प्रतिक्रिया को सुदृढ़ करना।

आतंकी खतरों के बीच सीविल डिफेंस नेटवर्क को सक्रिय रखना।

**इससे पहले 7 मई की ड्रिल में दिखा ये दृश्य:**

दिल्ली की सड़कों पर सायरन और अंधेरा, पूरा ट्रैफिक नियंत्रित।

गुजरात के वडोदरा में 15 मिनट तक शहर की लाइटें बंद रहीं।

भोपाल और इंदौर में सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स ने स्कूल-कॉलेजों और बाजारों में रेस्क्यू प्रैक्टिस करवाई।

**यूएन में भारतीय प्रतिनिधि पी हरीश ने महासचिव गुतारेस से सम्मान प्राप्त किया**

## दो भारतीय शांति रक्षकों को मरणोपरांत सम्मानित किया गया

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

पिछले वर्ष संयुक्त राष्ट्र के झंडे तले सेवा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले दो भारतीय शांति रक्षकों को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस पर मरणोपरांत सम्मानित किया गया। यूएन डिस्एंगेजमेंट ऑब्जर्वर फोर्स (यूएनडीओएफ) में सेवा देने वाले ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र मिशन (एमओएनयूएससीओ) में कार्य कर चुके हवलदार संजय सिंह को अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस के अवसर पर गुरुवार को आयोजित एक समारोह में 'डैग हैमरशॉल्ड पदक' से मरणोपरांत सम्मानित किया गया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतननेनी हरीश ने दोनों शांति रक्षकों के परिवार की ओर से महासचिव एंतोनियो गुतारेस से यह सम्मान प्राप्त किया। भारत ने ब्रिगेडियर झा, हवलदार संजय सिंह और सेवानिवृत्त कर्नल वैभव अनिल काले को याद किया जिन्हें देश ने पिछले वर्ष खो दिया था। भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में वर्दीधारी कार्मिकों का चौथा सबसे बड़ा योगदानकर्ता है।

**आज विश्व को प्रभावी शांति स्थापना की जरूरतः गुतारेस**



*संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतारेस ने 1948 से अब तक जान गंवाने वाले 4,400 से अधिक शांति रक्षकों की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित की और 57 सैनिकों को मरणोपरांत पदक दिए। उन्होंने कहा कि आज विश्व प्रभावी शांति स्थापना की मांग करता है। हम अपने बहादुर शांति रक्षकों की सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षकों के अंतरराष्ट्रीय दिवस का विषय 'शांति स्थापना का भविष्य' है जो इस बात पर जोर देता है कि संयुक्त राष्ट्र पिछले वर्ष सितम्बर में विश्व नेताओं द्वारा अपनाए गए 'भविष्य के लिए समझौते' में बदलती दुनिया के अनुरूप शांति स्थापना को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।*

**शांति मिशनों में भारत सबसे आगेः लाक्रॉइक्स**



भारत शांति सुरक्षा के क्षेत्र में बहुत अहम भूमिका निभाता है। यह न केवल अपने जवानों के जरिए शांति मिशनों में योगदान देता है, बल्कि शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों की जवाबदेही सुनिश्चित करने जैसे कई प्रयासों का भी नेतृत्व करता है। संयुक्त राष्ट्र के शांति सुरक्षा विभाग के प्रमुख जीन-पियरे लाक्रॉइक्स ने यह बात अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि कि भारत शांति सैनिकों और पुलिस बल के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मो. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,